शनिवार, 26 अप्रैल 2025

**मौसम**

तापमान 37 – 27
आर्द्रता 77%
सूर्योदय: 5:08 सूर्यास्त: 18:01

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


**सुविचार :** जिंदगी में कभी भी किसी भी रूप में की गयी भलाई व्यर्थ नहीं जाती।



हिमाचल राजभवन की जिस मेज पर शिमला समझौते पर हस्ताक्षर हुए उससे पाकिस्तानी झंडा गायब –पृष्ठ 7


**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# 'राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और वापस भेजें'

## शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से की बात



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक भारत छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से अधिक देश में न रहे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारत ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा 27 अप्रैल के प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की और पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी समय सीमा से अधिक भारत में न रहे। सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्रियों को उनके क्षेत्रों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनका निर्वासन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। वीजा रद्द करने का यह फैसला हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी किए गए दीर्घकालिक वीजा पर लागू नहीं होगा। ऐसे वीजा ''वैध रहेंगे''।

### सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए 14 श्रेणियों के वीजा रद्द किए

सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए 14 श्रेणियों के वीजा रद्द कर दिए, जिनमें व्यापार, सम्मेलन, आगंतुक और तीर्थयात्री के वीजा भी शामिल हैं।

## भारत पाकिस्तान में पानी की एक भी बूंद नहीं जाने देगा: पाटिल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की रणनीति पर काम कर रही है कि भारत से पानी की एक भी बूंद पाकिस्तान में न जाने पाये। पाटिल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई निर्देश जारी किए हैं और उन पर अमल के लिए यह बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि शाह ने बैठक में इन निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत से पानी की एक भी बूंद पाकिस्तान में न जाने पाये।'' शाह ने मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित रखने संबंधी भारत के फैसले के बाद भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा के लिए बैठक की।

## अटारी-वाघा सीमा से 191 पाकिस्तानी नागरिक स्वदेश लौटे, 287 भारतीय वापस आये



**चंडीगढ़ :** पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिए जाने के बाद पंजाब के अमृतसर में अटारी-वाघा सीमा चौकी मार्ग से कुल 191 पाकिस्तानी नागरिक स्वदेश लौटे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान गये कुल 287 भारतीय नागरिक भी पड़ोसी मुल्क से वापस लौट आये। हालांकि, पाकिस्तान में ब्याही गईं और भारतीय पासपोर्टधारक कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के बावजूद उन्हें वापस जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## पाक रेंजर्स ने तीसरे दिन भी बीएसएफ जवान को सौंपने से किया इनकार

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान रेंजर्स ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उस जवान को सौंपने से इनकार कर दिया जो अनजाने में दूसरी तरफ चला गया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पंजाब में फिरोजपुर सीमा पर बीएसएफ की 182वीं बटालियन में तैनात पूर्णम साहू को बुधवार को पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बीएसएफ ने अपने जवान की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए रेंजर्स से कई बार संपर्क किया और फ्लैग मीटिंग की मांग की, लेकिन अब तक जवाब सकारात्मक नहीं मिला है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.52 अरब डॉलर बढ़कर 578.49 अरब डॉलर हो गईं।

## ईरान ने भारत-पाक संबंधों में विश्वास बहाली के लिए मदद की पेशकश की

**तेहरान :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच, ईरान ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच विश्वास बहाली में मदद की पेशकश की। विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान इन दोनों देशों में स्थित अपने कार्यालयों का उपयोग करके ''इस कठिन समय में व्यापक समझ बनाने'' के लिए तैयार है। अराघची ने दो दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले की ''कड़ी और स्पष्ट रूप से'' निंदा की।

## जम्मू कश्मीर: उधमपुर के जंगल, राजौरी, पुंछ में फरार आतंकवादियों की तलाश जारी

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में फरार तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान के मद्देनजर मजबूत घेराबंदी की है। सुरक्षा बल उधमपुर जिले के वन क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जहां आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। इसके अलावा किश्तवाड़, कठुआ, राजौरी और पुंछ के इलाकों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।यहां एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया, ''सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के विशेष जवानों का डुडु-बसंतगढ़ में तलाशी अभियान जारी है। फरार आतंकियों को दबोचने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।'' इस अभियान में हेलिकॉप्टर और ड्रोन द्वारा हवाई निगरानी की जा रही है।

# 'संसद से पारित कानून संवैधानिक तौर पर वैध, उन पर रोक नहीं लगा सकते'

## वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का हलफनामा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि इस कानून पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसकी संवैधानिकता पर पूर्वधारणा है। 1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने दायर किया हलफनामा

केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है, 'मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता के पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए।' इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। बता दें कि, यह हलफनामा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन की तरफ से दायर किया गया था।



### 'संसद से पारिक कानूनों पर लागू होती है संवैधानिकता की धारणा'

हलफनामे में आगे कहा गया है कि, 'कानून में यह तय है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद की तरफ से बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है'। केंद्र ने आगे कहा, 'जबकि यह अदालत मामलों की सुनवाई के दौरान इन चुनौतियों की जांच करेगी, लेकिन सामान्य मामलों में (यहां तक कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर भी) इस तरह के आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना, यदि याचिकाएं असफल हो जाती हैं, तो यह अनावश्यक होगा, खासकर ऐसे कानूनों की वैधता की धारणा के मामले में।'

# जम्मू-कश्मीर के अस्पतालों में अलर्ट, सीमा के चिकित्सा केंद्रों में अतिरिक्त तैनाती, छुट्टियां रद्द

**श्रीनगर :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद उपजे हालात को देखते हुए जम्मू-कश्मीर के अस्पतालों में अलर्ट किया गया है। चिकित्सा स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। एलओसी और सीमा से सटे चिकित्सा केंद्रों में अतिरिक्त चिकित्सा स्टाफ तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई गई है। शहरी स्तर पर जीएमसी में भी अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से एलओसी और सीमांत क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से होने वाली गोलाबारी की आशंका को देखते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले भी दोनों देशों में तनाव के दौरान गोलाबारी से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को प्रभावित होना पड़ा है। जम्मू संभाग में कठुआ, सांबा, जम्मू में एक लंबा सीमांत क्षेत्र स्थापित है। इसी तरह पुंछ, उड़ी आदि एलओसी क्षेत्र में भी तनाव का असर दिख रहा है।

## भारतीय सेना ने लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर को मार गिराया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इंडियन आर्मी अब आर या पार के मूड में है। हमले के बाद से ही सेना लगातार सर्च ऑपरेशन कर रही है। इस दौरान बांदीपोरा में आतंकवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में सेना ने लश्कर के टॉप कमांडर को मार गिराया है। इस एनकाउंटर में दो जवान भी जख्मी हुए हैं। आतंकवादी की पहचान अल्ताफ लल्ली के रूप में हुई है। जो जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक लश्कर के नापाक मंसूबों को कश्मीर में पूरा करने की जिम्मेदारी लल्ली के उपर थी। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बांदीपोरा जिले के कुलनार बाजीपोरा में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की गोलीबारी में दो पुलिस कर्मी घायल हो गए।

## लश्कर के दो आतंकवादियों के घर विस्फोट में नष्ट



पहलगाम आतंकवादी हमले के मुख्य संदिग्ध सहित लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के घर उस समय नष्ट हो गए, जब वहां रखे गए विस्फोटकों में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये धमाके बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात हुए, जब सुरक्षा बल दक्षिण कश्मीर के बिजबेहरा और त्राल के गुरी गांव में क्रमश: आदिल हुसैन थोकर और आसिफ शेख के घरों की तलाशी ले रहे थे। तभी वहां पहले से रखे विस्फोटकों में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने दावा किया कि तलाशी अभियान के दौरान परिसर में विस्फोटक पाए गए, जिसके बाद सुरक्षा बलों को घरों में रहने वालों के साथ-साथ पड़ोसियों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना पड़ा। उन्होंने बताया कि विस्फोट में दोनों घरों को व्यापक नुकसान हुआ है।

# इसरो के पूर्व अध्यक्ष कस्तूरीरंगन का निधन

### मुर्मू, मोदी ने उनके योगदान की सराहना की



**नयी दिल्ली/बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की करीब एक दशक तक बागडोर संभालने वाले इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। परिवार के सूत्रों ने बताया कि वह 84 वर्ष के थे और उनके परिवार में दो बेटे हैं। पिछले कुछ महीने से वह वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। अधिकारियों ने बताया, ''आज सुबह बेंगलुरु स्थित उनके आवास पर के. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को 27 अप्रैल को रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा।'' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कस्तूरीरंगन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह जानकर दुख हुआ कि डॉ. कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन अब नहीं रहे। इसरो के प्रमुख के रूप में उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'' मुर्मू ने कहा, ''उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने में सहायता की, जो अगली पीढ़ी को आकार देने का काम कर रही है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।''

## जल संधि स्थगित करने की भारत की घोषणा के बाद पाक ने सिंधु नदी पर विवादित नहर परियोजना रद्द की

**इस्लामाबाद :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के निर्णय के बाद पाकिस्तान सरकार ने विवादास्पद नहर परियोजना को रोकने का निर्णय लिया है। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पंजाब प्रांत के रेगिस्तानी क्षेत्र की सिंचाई के लिए फरवरी में महत्वाकांक्षी चोलिस्तान परियोजना का उद्घाटन किया था। हालांकि सिंध प्रांत में इस कदम को लेकर हंगामा खड़ा हो गया था, जहां पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) सहित विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस परियोजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। पीपीपी, केंद्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति में नयी दिल्ली ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने की घोषणा की, जिसके बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी से मुलाकात कर नहर परियोजना को रोकने पर सहमति जताई थी। दोनों दलों ने इस बात पर भी सहमति जताई थी कि विवादास्पद नहर परियोजना तब तक निलंबित रहेगी जब तक कि प्रांतों के बीच विवादों से निपटने के लिए उच्चस्तरीय अंतर-प्रांतीय निकाय 'काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स' (सीसीआई) में इस मुद्दे पर आम सहमति नहीं बन जाती।

# दुनिया भर के नेताओं ने पीएम मोदी से की बात; तुलसी गबार्ड बोलीं- हिंदुओं पर बर्बर इस्लामी आतंकी हमला

**नयी दिल्ली :** आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ दुनिया के तमाम देश खड़े हैं। इस कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने फोन किया है। इस दौर उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि त्रासदी की इस घड़ी में ब्रिटेन भारत के साथ खड़ा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री मोदी को निर्दोष लोगों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

### इन देशों ने आतंकी हमले पर दिखाई एकजुटता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस्राइल, अर्जेंटीना, मिस्र के राजदूत, सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने मुलाकात की और पहलगाम आतंकवादी हमले पर उनके समर्थन और एकजुटता की सराहना की। इस दौरान विदेश मंत्री ने नेपाल के राजदूत को पहलगाम आतंकी हमले में नेपाली नागरिक की मौत पर संवेदना व्यक्त की। विदेश मंत्री ने न्यूजीलैंड की पूर्व पीएम से भी मुलाकात की है।

## कठिन समय में भारत के साथ खड़े हैं- दिसानायके

वहीं श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आज पीएम मोदी ने बातचीत की है। इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से गहरा सदमा लगा है जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई। श्रीलंका की एकजुटता और आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा प्रतिबद्धता को व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। हम इस कठिन समय में भारत के साथ खड़े हैं।

## 26 हिंदुओं पर बर्बर इस्लामी आतंकी हमला- तुलसी गबार्ड



पहलगाम आतंकी हमले की भर्त्सना करते हुए अमेरिकी खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- हम पहलगाम में 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर किए गए बर्बर इस्लामी आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता में खड़े हैं। मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजन खो दिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के सभी लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने में आपका समर्थन करते हैं।

## भारत के साथ खड़े हैं, पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए: अमेरिका

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका ने पहलगाम में ''जघन्य'' आतंकवादी हमला करने के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि वह भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बृहस्पतिवार को कहा, ''जैसा कि (अमेरिका के) राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप और विदेश मंत्री (मार्को) रुबियो ने भी स्पष्ट किया है, अमेरिका भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है।'' ब्रूस ने कहा, ''हम लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त करते हैं और घायलों के स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हम इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाए जाने का आह्वान करते हैं।''




## केंद्र-राज्य विभाजनकारियों पर लगाम लगाएं

इसमें दो राय नहीं कि सीमा पार पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है। लेकिन पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीरियों पर दोहरी मार है। इस हमले का कश्मीर के पर्यटन उद्योग पर घातक प्रभाव नजर आ रहा है। जिस तेजी से पर्यटक कश्मीर छोड़ रहे हैं और बाकी लोग अपनी अग्रिम बुकिंग रद्द करा रहे हैं, वह कश्मीरियों के लिये अप्रत्याशित है। शायद स्थितियां सामान्य होने में वर्षों लग जाएंगे। घाटी में रहने वाले लोग पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व कमी के कारण भारी नुकसान की आशंका जता रहे हैं। दरअसल, लंबे अंतराल के बाद कश्मीर के पर्यटन उद्योग के पटरी पर लौटने के बाद स्थानीय लोगों ने ऋण लेकर अपने कारोबार नये सिरे से खड़े किए थे। अब उन लोगों के सामने न केवल जीविका का संकट है बल्कि फिक्र है कि वे लिए गये कर्ज कैसे चुकाएंगे। उनकी आकांक्षा है कि घाटी में स्थितियां जल्दी से सामान्य हों। वहीं इस संकट का दूसरा पहलू अन्य राज्यों में रह रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर है। निस्संदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दु:खी किया है। जैसे-जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है। कश्मीरी लोग आशंकित हैं कहीं इस आक्रोश से उपजे रोष का शिकार कश्मीर मूल के लोगों को न होना पड़े। निश्चित रूप से किसी भी सभ्य समाज में ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं होनी चाहिए कि आतंकवादियों के कुकृत्यों का खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़े। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन जैसे प्रमुख राजनेताओं ने कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों से उम्मीद की जा रही है कि वे विभाजनकारी तत्वों पर नकेल डालेंगे।

निस्संदेह, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि पहलगाम की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद पहली बार घाटी में आतंकवाद के खिलाफ मुखर प्रतिक्रिया सामने आई है। कश्मीर में सक्रिय रहने वाले राजनीतिक दलों, व्यापार निकायों और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही आम लोगों ने भी पहलगाम हमले के दौरान हुई पर्यटकों की हत्या की निंदा की है। उन्होंने सीमा पार से आतंकवाद की पाठशाला चलाने वाले लोगों को सख्त संदेश दिया कि हमारे मामलों में तुम्हें फिक्र करने की जरूरत नहीं है। कश्मीर के लोगों ने साफ संदेश भेजा है कि - 'हमारे नाम पर नहीं।' कश्मीरियों ने बताया कि उन्हें उन आतंकवादियों से किसी भी तरह की सहानुभूति नहीं है, जो मानवता के खिलाफ अपने अपराधों से कश्मीर के साथ-साथ इस्लाम को भी बदनाम कर रहे हैं। निस्संदेह, पहलगाम के क्रूर हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा चरम पर है। ऐसे में राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों को इस आक्रोश को बढ़ाने के बजाय इसे शांत करने का प्रयास करना चाहिए। देश के संघीय स्वरूप व सद्भावना की हर कीमत पर रक्षा की ही जानी चाहिए। पहलगाम की घटना के बाद तल्खी दिखा रहे लोगों को याद रखना चाहिए कि यह कश्मीरी टट्टूवाला सैयद आदिल हुसैन शाह ही था, जिसने बंदूकधारी आतंकवादियों से पर्यटकों को बचाने की कोशिश करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। एक बहादुर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह हमलावर आतंकी से हथियार छीनने की कोशिश कर रहा था। कश्मीरियों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के लिये उनके नि:स्वार्थ साहस और वीरता को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। बल्कि उनकी प्रशंसा की जानी चाहिए। एक कायरतापूर्ण आतंकी हमले के लिये पूरे राज्य के लोगों को दोषी ठहराना सांप्रदायिक सद्भाव को पलीता लगाने जैसा है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष सामाजिक ताने-बाने को नुकसान भी पहुंचा सकता है। हमें विगत में आतंकी हमले के लिए संप्रदाय विशेष को दोषी ठहराने के बाद हुई प्रतिक्रियाओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कोशिश हो घटनाक्रम के बाद उपजे शोर में समझदार आवाजें दब न जाएं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 अप्रैल, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, वैशाख कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 08:26 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 05:08 तक, योग : वैधृति, 08:31 तक, सूर्योदय: 5:10, सूर्यास्त: 18:00, चन्द्रोदय : 03:44, चन्द्रास्त: 16:31, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 08:22 से 09:58

## राशिफल

**मेष :** आज का राशिफल मेष राशि 26 अप्रैल के अनुसार अपनी बातों की चतुराई से काम बना लेंगे। व्यापार व्यवसाय में यश कीर्ति की वृद्धि होगी। खेल जगत से जुड़े जातकों के लिए समय श्रेष्ठ है।

**वृष :** आज का राशिफल वृषभ राशि शनिवार के अनुसार वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिगड़ सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन :** आज का राशिफल मिथुन राशि 26 अप्रैल 2025 को मासिक शिवरात्रि के दिन संतान के विवाह की चिंता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पूंजी निवेश से लाभ संभव है।

**कर्क :** कर्क आज का राशिफल मासिक शिवरात्रि के अनुसार 26 अप्रैल 2025 को व्यापार विस्तार की योजना सफल होगी। शनिवार को स्वस्थ रहें, मस्त रहें। व्यर्थ चिंता छोड़ दें।

**सिंह :** सिंह आज का राशिफल शनिवार के अनुसार 26 अप्रैल को सिंह राशि वालों के व्यवहार से सहकर्मी खुश होंगे। जीवन में नई उड़ान भरने का समय आया है। इसका लाभ लें।

**कन्या :** कन्या आज का राशिफल 26 अप्रैल 2025 के अनुसार मासिक शिवरात्रि के दिन धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आध्यात्मिक बल से लाभ होगा।

**तुला :** आज का तुला राशिफल 26 अप्रैल 2025 के अनुसार लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का मासिक शिवरात्रि अंतिम दिन है। शनिवार को महत्वपूर्ण कार्य निपटाने में लगे रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का वृश्चिक राशिफल 26 अप्रैल 2025 के अनुसार शनिवार को वृश्चिक राशि वालों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नौकरी की तलाश में भटकना पड़ेगा।

**धनु :** आज का धनु राशिफल शनिवार 26 अप्रैल 2025 के अनुसार क्या करूं, क्या न करूं इसी स्थिति से आप गुजर रहे हैं। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें।

**मकर :** मकर आज का राशिफल शनिवार के अनुसार आप दूसरों के लिए बुरा न सोचें। अपने आहार पर नियंत्रण रखें। पेट संबंधित रोग संभव है, समय कम हैं काम ज्यादा।

**कुम्भ :** आज का राशिफल कुंभ राशि के अनुसार जो करना चाहिए वो करिए। फालतू समय बर्बाद न करें। दूसरों की सीख में अपना नुकसान कर बैठेंगे। शांति से विचार कर कोई निर्णय लें।

**मीन :** मीन आज का राशिफल 26 अप्रैल के अनुसार कार्य की अधिकता के कारण जरूरी कार्य पूरे नहीं हो सकेंगे। उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे। अधिकारी वर्ग के लिए समय उत्तम हैं।

# पाकिस्तान से पानी का रिश्ता हुआ समाप्त



प्रमोद भार्गव

**संदर्भ : सिंधु जल संधि पर रोक**

कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए पांच बड़े कूटनीतिक प्रहार कर दिए हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सिंधु जल समझौते को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना है। यह एक ऐसी कूटनीतिक चाल है, जिससे पाकिस्तान को भीषण जलसंकट का सामना तो करना पड़ेगा ही आर्थिक समृद्धि में भी यह फैसला मठा घोलने का काम करेगा। साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करते हुए उन्हें 48 घंटे में पाक लौट जाने का आदेश दिया है। अटारी-वाघा सीमा-द्वार बंद कर दिया है। भारत ने पाकिस्तान से अपने सैन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया है। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। इन्हें एक सप्ताह में भारत छोड़ना होगा। ये सभी निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई केंद्रीय कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक में लिए गए हैं। आतंकवादियों की शरणस्थली बने पाकिस्तान को ये कूटनीतिक सबक समय की जरूरत है।

अमानुषिक दगाबाजी के आदि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 16 अप्रैल 2025 को इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान के 'गले की नस' है। पाकिस्तान ने आतंकी साजिश रचकर कश्मीर के अवाम की इसी आर्थिक श्वास की नली को अवरुद्ध कर दिया है। अब भारत ने पलटवार करते हुए सिंधु की जलधार को अवरुद्ध करके ईंट का जबाव पत्थर से देने का काम किया है। यदि यह जवाब बहुत पहले दे दिया गया होता तो शायद पाक से निर्यात आतंक के ये हालात पनप ही नहीं पाते? 19 सितंबर 1960 को सिंधु जल संधि में भारत और पाकिस्तान के बीच नदियों का पानी बांटने का समझौता हुआ था। इस समझौते पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी। इसके अंतर्गत पाकिस्तान से पूर्वी क्षेत्र की तीन नदियों व्यास, रावी व सतलुज की जल राशि पर नियंत्रण भारत के सुपुर्द किया गया था और पश्चिम की नदियों सिंधु, चिनाब व झेलम पर नियंत्रण की जिम्मेदारी पाक को सौंपी गई थी। इसके तहत भारत के ऊपरी हिस्से में बहने वाली इन छह नदियों का 80.52 यानी 167.2 अरब घन मीटर पानी पाकिस्तान को हर साल दिया जाता है। जबकि भारत के हिस्से में महज 19.48 प्रतिशत पानी ही शेष रह जाता है। नदियों की ऊपरी धारा ( भारत में बहने वाला पानी) के जल-बंटवारे में उदारता की ऐसी अनूठी मिसाल दुनिया के किसी भी अन्य जल-समझौते में देखने में नहीं आई है। इसीलिए अमेरिकी सीनेट की विदेशी मामलों से संबंधित समिति ने 2011 में दावा किया था कि यह संधि दुनिया की सफलतम संधियों में से एक है। लेकिन यह संधि केवल इसलिए सफल है, क्योंकि भारत संधियों की शर्तों को निभाने के प्रति अब तक उदार एवं प्रतिबद्ध बना हुआ है। जबकि जम्मू-कश्मीर को हर साल इस संधि के पालन में करीब 60 हजार करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। भारत की भूमि पर इन नदियों का अकूत जल भंडार होने के बावजूद इस संधि के चलते इस राज्य को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन्हीं नदियों के जल से होती है। पाक के बड़े भू-भाग की 21 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या की जल की जरूरतें इन्हीं नदियों पर निर्भर हैं। यह संधि लंबे समय तक स्थगित रहती है तो पाकिस्तान में अकाल और सूखे के हालात बन सकते हैं।



दरअसल सिंधु-संधि के तहत उत्तर से दक्षिण को बांटने वाली एक रेखा सुनिश्चित की गई है। इसके तहत सिंधु क्षेत्र में आने वाली तीन नदियां सिंधु, चिनाब और झेलम पूरी तरह पाकिस्तान को उपहार में दे दी गई हैं। इसके उलट भारतीय संप्रभुता क्षेत्र में आने वाली व्यास, रावी व सतलुज नदियों के बचे हुए हिस्से में ही जल सीमित रह गया है। इस लिहाज से यह संधि दुनिया की ऐसी इकलौती अंतरदेशीय जल संधि है, जिसमें सीमित संप्रभुता का सिद्धांत लागू होता है और संधि की असमान शर्तों के चलते ऊपरी जलधारा वाला देश नीचे की ओर प्रवाहित होने वाली जलधारा वाले देश पाकिस्तान के लिए अपने हितों की न केवल अनदेखी करता है, वरन बालिदान कर देता है। इतनी बेजोड़ और पाक हितकारी संधि होने के बावजूद पाक ने भारत की उदार शालीनता का उत्तर पूरे जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आतंकी हमलों के रूप में तो दिया ही, अब इनका विस्तार भारतीय सेना व पुलिस के सुरक्षित ठिकानों तक भी किया हुआ है। अब पर्यटकों की हिंदू धार्मिक पहचान करके जो नरसंहार पहलगाम की बैसरन घाटी में किया है, वह यह जताने के लिए काफी है कि हमला धर्म के आधार पर किया गया है। ये सभी हमले आतंकवाद को बहाना बनाकर छद्म युद्ध के जरिए किए गए, जबकि ये सभी हमले पाक सेना की करतूत हैं। दरअसल छद्म युद्ध में लागत तो कम आती ही है, हमलाबर देश पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर इस बहाने रक्षात्मक भी हो जाता है कि इन हमलों में उसका नहीं, आतंकवादियों का हाथ है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि इस संधि को तोड़ने की हिम्मत न तो 1965 में भारत-पाक युद्ध के बाद दिखाई गई और न ही 1971 में? हालांकि 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में विभाजित कर नए राष्ट्र बांग्लादेश को अस्तित्व में लाने की बड़ी कूट व रणनीतिक सफलता हासिल की थी। कारगिल युद्ध के समय भी हम इस संधि को तोड़ने से चुके हैं। देर से ही सही इस संधि को तोड़ने की पहल देशहित में है।

दरअसल पाकिस्तान की प्रकृति में ही अहसानफरोसी शुमार है। इसीलिए भारत ने जब झेलम की सहायक नदी किशनगंगा पर बनने वाली 'किशन गंगा जल विद्युत परियोजना' की बुनियाद रखी तो पाकिस्तान ने बुनियाद रखते ही नीदरलैंड में स्थित 'अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय' में 2010 में ही आपत्ति दर्ज करा दी थी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में किशनगंगा नदी पर 300 मेगावाट की जल विद्युत परियोजना प्रस्तावित है। हालांकि 20 दिसंबर 2013 को इसका फैसला भी हो गया। दुर्भाग्य कहलें या भारत द्वारा ठीक से अपने पक्ष की पैरवी नहीं करने के कारण यह निर्णय भारत के व्यापक हित साधे रखने में असफल रहा है। न्यायालय ने भारत को परियोजना निर्माण की अनुमति तो दे दी, लेकिन भारत को बाध्य किया गया कि वह 'रन ऑफ दि रिवर' प्रणाली के तहत नदियों का प्रवाह निरंतर जारी रखे। फैसले के मुताबिक किशनगंगा नदी में पूरे साल हर समय 9 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड का न्यूनतम जल प्रवाह जारी रहेगा। हालांकि पाकिस्तान ने अपील में 100 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड पानी के प्राकृतिक प्रवाह की मांग की थी, जिसे न्यायालय ने नहीं माना। पाकिस्तान ने सिंधु जल-समझौते का उल्लंघन मानते हुए भारत के खिलाफ यह अपील दायर की थी। इसके पहले पाकिस्तान ने बगलिहार जल विद्युत परियोजना पर भी आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसे विश्व बैंक ने निरस्त कर दिया था।

दरअसल द्विपक्षीय वार्ता के बाद शिमला समझौते में स्पष्ट उल्लेख है कि पाकिस्तान अपनी जमीन से भारत के खिलाफ आतंकवाद को फैलाने की इजाजत नहीं देगा। किंतु पाकिस्तान इस समझौते के लागू होने के बाद से ही, इसका खुला उल्लंघन कर रहा है। लिहाजा पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के नजरिए से भारत को सिंधु जल-संधि को ठुकरा कर पानी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। पुलवामा हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान की ओर बहने वाली नदियों का पानी रोकने की बात कही थी। भारत ने अब इस मांग को अंजाम तक पहुंचा दिया है। तय है, इस कूटनीतिक पहल से पाक की कमर टूट जाएगी। नदियों के प्रवाह को बाधित करना इसलिए भी अनुचित नहीं है, क्योंकि यह संधि भारत के अपने राज्य जम्मू-कश्मीर के नागरिकों के लिए न केवल औद्योगिक व कृषि उत्पादन हेतु पानी के दोहन में बाधा बन रही है, बल्कि पेयजल के लिए नए संसाधन निर्माण में भी बाधा है। इस संधि के चलते यहां की जनता को पानी के उपयोग के मौलिक अधिकार से वंचित होना पड़ रहा था। हैरानी की बात यह भी है कि यहां सत्तारूढ़ रहने वाली सरकारों और अलगाव-वादी जमातों ने इस बुनियादी मुद्दे को उछालकर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कभी नहीं की ? इसलिए आतंक का माकूल जवाब देने के लिए भारत सरकार की इस कूटनीतिक पहल का स्वागत होना चाहिए।

-लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।

समीक्षा स्पोर्ट्स

## सुपरकिंग्स पर सनराइजर्स की पांच विकेट की जीत में चमके हर्षल

**चेन्नई :** हर्षल पटेल की तूफानी गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां अंक तालिका की दो सबसे निचली टीमों की जंग में चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रखी। इस हार के बाद सुपरकिंग्स की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है। सनराइजर्स की टीम नौ मैच में छह अंक से आठवें जबकि सुपरकिंग्स की टीम इतने ही मैच में चार अंक से 10वें और अंतिम स्थान पर है। सुपरकिंग्स के 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने इशान किशन (44), कामिंदु मेंडिस (नाबाद 32) और नितीश कुमार रेड्डी (नाबाद 19) की पारियों से 18.4 ओवर में पांच विकेट पर



155 रन बनाकर जीत दर्ज की। मेंडिस और नितीश ने छठे विकेट के लिए 49 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। सनराइजर्स की सुपरकिंग्स के खिलाफ चेन्नई में यह पहली जीत है। सुपरकिंग्स ने मौजूदा सत्र में अपने घरेलू मैदान पर अब तक चारों मैच गंवाए हैं। हर्षल (28 रन पर चार विकेट), कप्तान पैट कमिंस (21 रन पर दो विकेट) और जयदेव उनादकट (21 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपरकिंग्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम 19.5 ओवर में 154 रन पर सिमट गई।

## नदीम को न्योता एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को, मेरी ईमानदारी पर सवाल उठते देख दुखी हूं: नीरज चोपड़ा

**नयी दिल्ली :** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने का न्योता देने पर उन्हें निशाना बनाने वालों को शुक्रवार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को न्योता था जो पहलगाम आतंकी हमले से पहले भेजा गया था। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह यह देखकर दुखी है कि उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाये जा रहे हैं और उनके परिवार को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं। चोपड़ा ने नदीम को 24 मई को बेंगलुरू में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिये बुलाया था। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने मसरूफियत का हवाला देकर न्योता ठुकरा दिया था। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में लिखा ,'' नीरज



चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिये अरशद नदीम को मेरे निमंत्रण पर काफी बातें हो रही है और ज्यादातर घृणा और अपमानजनक है। उन्होंने मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा।'' उन्होंने लिखा ,'' मैं आम तौर पर ज्यादा बोलता नहीं हूं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मैं गलत के खिलाफ नहीं बोलूंगा। वह भी तब जब हमारे देश के लिये मेरे प्यार पर सवाल उठाये जा रहे हैं और मेरे परिवार के सम्मान का सवाल है।'' चोपड़ा ने कहा कि निमंत्रण पहलगाम पर आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को भेजा गया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। चोपड़ा ने कहा ,'' मैने अरशद को जो न्योता भेजा, वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को था। इससे ज्यादा या कम कुछ नहीं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का मकसद भारत से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने लाना और हमारे देश में विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना है।'' उन्होंने लिखा ,'' सभी खिलाड़ियों को पहलगाम में आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को न्योते भेजे गए।'' उन्होंने लिखा कि पिछले दो दिन में जो कुछ हुआ, उसके बाद नदीम के खेलने का सवाल ही नहीं था। सेना से जुड़े चोपड़ा ने कहा ,'' मैं इतने साल से गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और मेरी ईमानदारी पर सवाल उठने से मैं दुखी हूं। मुझे दुख है कि मुझे उन लोगों के सामने सफाई देनी पड़ रही है जो मुझे और मेरे परिवार को अकारण निशाना बना रहे हैं।''

## केकेआर के खिलाफ पंजाब की मोर्चे से अगुवाई करने ईडन गार्डंस पर लौटे श्रेयस अय्यर

**कोलकाता :** एक सत्र पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे जब उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी। बारह महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेंगे। केकेआर ने उन्हें रिलीज करके सभी को हैरत में डाल दिया था लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के अपने मेंटोर रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर अय्यर ने पंजाब को आठ में से पांच मैच जिताकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। इस साझेदारी ने अय्यर को आत्मविश्वास के साथ कप्तानी की छूट भी दी जिसके दम पर वह अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं।

## पाकिस्तान को 2023 दौरे के लिए भुगतान न करने के कारण अजलान शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया गया

**कराची :** मलेशिया हॉकी महासंघ ने जोहर हॉकी संघ को 10,349 अमेरिकी डॉलर के बकाये का भुगतान नहीं करने के कारण पाकिस्तान को वार्षिक अजलान शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के एक सूत्र ने कहा कि जोहर संघ ने पीएचएफ को आधिकारिक पत्र भेजा है जिसमें अक्टूबर 2023 में टीम के साथ मलेशिया गए पीएचएफ अधिकारियों और उनके परिवारों के आवास, यात्रा और अन्य खर्चों के लिए भुगतान की जाने वाली राशि के बारे में सख्त लहजे में बताया गया है। पाकिस्तान की टीम जोहर हॉकी कप खेलने के लिए मलेशिया गई थी और पीएचएफ के कुछ अधिकारी और उनके परिवार भी टीम के साथ गए थे।

## वर्ग पहेली नं. 3074

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | 21 | 22 | | | ■ |
| | ■ | 23 | | 24 | ■ | | ■ | ■ | 25 |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) जो बंद न हो, 3) आगे जाना, 6) सम्पत्ति, 8) अर्थ, 9) घर, 11) देश, 12) निर्धन, 13) शपथ, 14) जान लेना, 16) बिरियानी, 17) मृत्यु, 18) दिशा; तरफ, 19) उँडेलना, 20) मसालेदार पतली *चपाती* जिसे तलकर अथवा भूनकर खाया जाता है, 21) ठंडक, 23) कृश, 26) मुकरना, 27) पचीस वर्ष; *सिल्वर जुबिली*.

*ऊपर से नीचे:-* 1) चापलूस, 2) एक पेय, 3) शरीर, 4) अज्ञात, 5) आपसदारी; यातायात, 6) प्राण, 7) वृत्तांत, 10) उत्तरप्रदेश में एक प्रमुख शहर, 13) ख़ातिरदारी, 14) दंड; जुर्माना, 15) तत्काल, 17) कपड़े की दीवार, 18) छिछोरापन; अशिष्टता, 20) चौथाई भाग, 22) निजात, 23) कपड़े की चौड़ाई, 24) पतला थूक, 25) बेटाबेटी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | ज्ञा | ■ | अ | सं | भ | व | ■ | बे | ड़ी |
| का | ■ | क | र्ज़ | ■ | य | ■ | मो | ह | ■ |
| म | ला | ल | ■ | बे | दा | ग़ | ■ | द | क्ष |
| या | ■ | ह | ठ | ■ | य | म | ल | ■ | मा |
| बी | ट | ■ | म | ह | क | ■ | ज्जि | ■ | शी |
| ■ | ना | ट | क | ■ | ■ | ग | त | का | ल |
| ■ | ट | ■ | ना | ग | वा | र | ■ | र | ■ |
| मा | न | ना | ■ | र | ■ | द | बं | ग | ता |
| त्र | ■ | ना | मु | म | कि | न | ■ | र | ज़ा |

## सुडोकू-पहेली-3031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 9 | 6 | | | | 5 | |
| 7 | | | | | | | 4 | 9 |
| | | | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 9 | | | |
| | 2 | 3 | 5 | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | | | |
| | | 5 | | | | 8 | | |
| 4 | | 6 | | 7 | | | 2 | |
| 2 | | | | 8 | | | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3030 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 | 8 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 5 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 4 |






# फिर से हमला करने का समय आ गया है : वायुसेना के पूर्व प्रमुख अरूप राहा

**कोलकाता :** वायुसेना के पूर्व प्रमुख अरूप राहा ने पहलगाम हत्याकांड के मद्देनजर 'पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों' के खिलाफ सैन्य अभियान चलाने की बात कही और उरी व पुलवामा हमलों के बाद किए गए हमलों का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने इस 'मिथक' को तोड़ दिया है कि दो परमाणु शक्ति संपन्न देश युद्ध नहीं लड़ सकते। उरी हमले के बाद कश्मीर के पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से में आतंकवादी ठिकानों पर सेना की 'सर्जिकल स्ट्राइक' और पुलवामा में सुरक्षाकर्मियों के काफिले पर हमले के बाद बालाकोट में वायुसेना के हवाई हमले का जिक्र करते हुए सेवानिवृत्त एयर चीफ मार्शल ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के अपराधियों को दंडित



करने के मामले में अतीत में अच्छा काम किया है। राहा ने कहा, यह जरूरी है कि भारतीय सशस्त्र बल फिर से वैसे हमले करें, ताकि हमारे दुश्मनों को पता चले कि उनका किससे पाला पड़ा है। यह समय की मांग है। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयां कैसे और कब होंगी, मैं यह बताने की स्थिति में नहीं हूं। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि हमने बालाकोट और उरी में पहले भी ऐसा किया है। हम ऐसा करने के आदी हैं और हम फिर से ऐसा कर सकते हैं। भारत ने पहले ही इस मिथक को तोड़ दिया है कि एक परमाणु शक्ति संपन्न देश दूसरे मुल्क पर सैन्य बल का प्रयोग नहीं कर सकता। पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर करने, पाकिस्तानी रक्षा सलाहकारों और वीजा धारक नागरिकों को देश से निष्कासित करने, अटारी एकीकृत जांच चौकी को सील करने और 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले के एक दिन बाद राहा ने यह टिप्पणी की है। यह कदम कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में उठाया गया है, जिसमें कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई है। राहा ने कहा, पाकिस्तान की सेना में कोई शर्म नहीं बची है। उन्होंने कहा, उस देश को 1971 के अपने कुकृत्यों के परिणामस्वरूप 93,000 युद्धबंदियों को आत्मसमर्पण करने का अपमान सहना पड़ा। वह देश अब हताश है और लगभग हर देश के सामने भीख का कटोरा फैला रहा है। ऐसे समय में, पाकिस्तानी सेना इस तरह के आतंकवादी कृत्यों को बढ़ावा देकर अपने मंसूबों में नयी जान फूंकने की कोशिश कर रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें पक्के तौर पर ऐसा लगता है कि पहलगाम नरसंहार में पाकिस्तानी सशस्त्र बलों का हाथ है, तो राहा ने जवाब दिया, क्या आपको इस पर कोई संदेह है? राहा ने कहा, भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए खुफिया जानकारी ही एकमात्र साधन है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से एकत्रित खुफिया जानकारी पर कार्रवाई से पहले कई स्रोतों से पुष्टि की जानी चाहिए। ऐसी स्थिति में मानवीय खुफिया जानकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, हमने अतीत में खुफिया विफलताओं के कारण नुकसान उठाया है। हम अब भी नुकसान उठा रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया कि पहलगाम हमले को रोकने में खुफिया चूक की भूमिका रही होगी।

# हिंसा के बाद मुर्शिदाबाद व जंगीपुर के एसपी बदले गए

## राज्य सरकार ने छह आइपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया

**कोलकाता :** बंगाल सरकार ने हाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुर्शिदाबाद और जंगीपुर पुलिस जिलों के अधीक्षकों (एसपी) को बदल दिया है। राज्य सरकार की तरफ से शुक्रवार शाम जारी अधिसूचना के अनुसार, कुल छह आइपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। आइपीएस सूर्य प्रताप यादव को मुर्शिदाबाद के पुलिस अधीक्षक पद से हटाकर कूचबिहार जिले में नारायणी बटालियन के कमांडिंग आफिसर (सीओ) के पद पर तैनात किया गया है। उनकी जगह आइपीएस सनी राज को मुर्शिदाबाद का एसपी बनाया



गया है। सनी राज फिलहाल राणाघाट के एसपी पद पर तैनात थे। सनी राज की जगह आइपीएस आशीष मौर्य को राणाघाट का एसपी बनाया गया है।

इसी तरह मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत जंगीपुर पुलिस जिला के एसपी पद से आइपीएस आनंद राय को हटाकर उनकी जगह आइपीएस अमित कुमार साव को नियुक्त किया गया है। वह कोलकाता पुलिस में डीसी ट्रैफिक (साउथ) थे। आनंद राय को सलुआ में एएफआर की तीसरी बटालियन का सीओ बनाया गया है।

मालूम हो कि कुछ सप्ताह पहले मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में हुई अशांति में पुलिस की लापरवाही के आरोप लगे थे। नए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में सांप्रदायिक झड़पें हुईं थी, जिनमें सुती, धुलियान समशेरगंज शामिल हैं। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

## आईएमडी ने बंगाल में आंधी-तूफान का अनुमान जताया, शनिवार से तापमान में गिरावट की संभावना

**कोलकाता :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में मध्यम से तेज आंधी आने का पूर्वानुमान है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में जारी भीषण गर्मी की स्थिति से शनिवार को राहत मिलेगी। विभाग ने कहा कि आंधी-तूफान के कारण शनिवार से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। आईएमडी के अनुसार, शनिवार तक पश्चिमी- उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाएं चलती रहेंगी।विभाग ने कहा कि शनिवार दोपहर से हवा का रुख बदलने की अनुमान है और हवा की अनुकूल स्थिति तथा बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण कुछ जिलों में मध्यम से लेकर तीव्र तूफान आने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण बंगाल और मालदा जिले में शनिवार तक दिन का तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है, जिसके बाद कई स्थानों पर आंधी-तूफान आने के कारण तापमान में गिरावट होने का अनुमान है।

**(कोर्ट नोटिस)**
**न्यायालय सिविल जज (सी0 डी0)-2 बक्सर**

मुकदमा नं0-90 सन् 2024 नम्बरी
चन्दा देवी ..............मुदईया
बनाम
एकता कुमारी वगै0 ....... मुदालेहम
नोटिस बनाम
1) मनीष कुमार पिता श्री जनार्दन गोंड़ सा0 बाजार समिति रोड बक्सर, थाना-बक्सर नगर, जिला-बक्सर हालमोकाम - आर0 एन0 टी0 पथ लखिघाट टीटागढ़ नार्थ 24 परगना पश्चिम बंगाल

चूँ बजरिये गजट प्रकाशन द्वारा आपलोगों को अगाह किया जाता है कि आपलोग उपस्थिति हेतु नजारत एवं पोस्ट ऑफिस द्वारा सम्मन भेजा जा चुका है इसके बावजूद आप मुकदमा में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अतः बजरिये गजट प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है। कि आप दिनांक 30/04/25 को 7:00 बजे दिन में मेरे न्यायालय में अपने या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर जो कुछ भी उजुर/एतराज करना है करे अन्यथा आपके खिलाफ मोकदमा में एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी।

इसे सख्त ताकिद समझे।

आज दिनांक 16-4-25 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी।

न्यायालय सिविल जज सी0 डी0-2 बक्सर

# मुर्शिदाबाद में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरायी, महिलाएं दहशत में : एनसीडब्ल्यू रिपोर्ट

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में प्रशासनिक व्यवस्था और शासन पूरी तरह से 'चरमरा' गया है। आयोग ने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं दहशत में हैं। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर में हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में ये टिप्पणियां की हैं, जिन्होंने मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि राज्य के समर्थन के अभाव में कई विस्थापित महिलाओं को अब अधिक असुरक्षित स्थिति और अपने मान सम्मान की हानि का सामना करना पड़ रहा है।समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसने पाया कि 'मुर्शिदाबाद जिले में प्रशासनिक मशीनरी और शासन व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है।' एनसीडब्ल्यू ने एक बयान में कहा, 'पूर्व खुफिया जानकारी और क्षेत्र में तनाव के बावजूद, राज्य सरकार निवारक या प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई करने में विफल रही, और मूकदर्शक बनी रही। ऐसा प्रतीत होता है कि हिंसा जानबूझकर और पूर्वनियोजित थी...।' उसने कहा, 'बांग्लादेश के साथ लगती सीमा के कई स्थानों पर खुले होने तथा प्रशासनिक सतर्कता में कमी के कारण स्थिति और खराब हो गई है, तथा क्षेत्र में कट्टरपंथी धार्मिक तत्वों की उपस्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता है।' आयोग ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार 'मूकदर्शक' बनी रही और स्थिति को अराजकता में तब्दील होने दिया।

बयान में कहा गया है कि 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा शांति अपील के बावजूद उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं किया है और न ही पीड़ितों से मुलाकात की।आयोग ने आरोप लगाया कि जांच के दौरान राज्य के अधिकारियों का रवैया असहयोगात्मक रहा, वरिष्ठ अधिकारी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए तथा स्थानीय प्राधिकारियों ने कोई सार्थक सहायता नहीं दी। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि मालदा जिले में राहत शिविरों में क्षमता से अधिक लोग हैं और वहां संसाधनों की कमी है। उसने कहा, 'राहत शिविरों में, विशेषकर मालदा जिले में, स्थिति गंभीर है। वहां भोजन, कपड़े, पेयजल, स्वच्छता और चिकित्सा सहायता जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। राज्य सरकार न्यूनतम राहत भी प्रदान करने में विफल रही है, जिससे पहले से ही सदमे में रह रहे परिवारों को संकट और अनिश्चितता की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।'

## जिहादी हमले के विरोध में रैली की अनुमति नहीं, हाईकोर्ट ने बीजेपी की याचिका खारिज की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम की बैसरन घाटी में हाल ही में हुए जिहादी हमले के बाद देशभर में आक्रोश और शोक का माहौल है। इस हमले में निर्दोष नागरिकों की जान जाने के विरोध में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) की पश्चिम बंगाल इकाई ने एक रैली निकालने की योजना बनाई थी। भाजपा का कहना था कि यह रैली पूरी तरह से गैर-राजनीतिक होगी और इसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना था। हालांकि, राज्य पुलिस ने सुरक्षा कारणों से इस रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके बाद भाजपा ने कोलकाता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में हुई, जहां भाजपा के वकील ने रैली के शांतिपूर्ण और गैर-राजनीतिक होने का दावा करते हुए कहा कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके बावजूद, अदालत ने इन दलीलों को नकारते हुए रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने मामले को स्थगित करने का आदेश दिया और याचिका पर फिलहाल कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया। भाजपा ने कोर्ट के इस फैसले को झटका बताया, क्योंकि पार्टी ने टालीगंज से शाम 5 बजे रैली निकालने का आह्वान किया था। अदालती सूत्रों के अनुसार, भाजपा के वकील ने रैली को जनभावनाओं का प्रतीक बताते हुए इसे राजनीतिक उद्देश्य से मुक्त बताया। हालांकि, कोर्ट ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इस घटनाक्रम के बाद राज्य की राजनीति में हलचल मच गई है, जहां भाजपा इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन मान रही है, जबकि प्रशासन का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में रैली कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन सकती थी।

## पश्चिम बंगाल पुलिस ने गलत सूचना फैलाने वाले फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल को लेकर आगाह किया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि वे मुर्शिदाबाद जिले के निवासी होने का दावा करने वाले और गलत सूचना फैलाने वाले फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल को लेकर सतर्क रहें। पुलिस का दावा है कि इन फर्जी प्रोफाइल से 'राष्ट्र-विरोधी टिप्पणियां और सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाले भड़काऊ' पोस्ट किए गए हैं।

पश्चिम बंगाल पुलिस ने 'फेसबुक' पर पोस्ट किया, 'हमने पाया है कि 'फेसबुक' और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर कुछ फर्जी प्रोफाइल में मुर्शिदाबाद के निवासी होने का दावा किया जा रहा है और वहां के विभिन्न स्थानों का उल्लेख कर राष्ट्र-विरोधी टिप्पणियां की जा रही हैं तथा सांप्रदायिक रूप से भड़काऊ संदेश फैलाए जा रहे हैं।' पोस्ट में कहा गया है, 'ऐसे सभी प्रोफाइल के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कई 'अकाउंट' या तो 'ब्लॉक' किए जा चुके हैं या 'ब्लॉक' किए जाने की प्रक्रिया में हैं। हम गंभीरतापूर्वक, सभी से अनुरोध करते हैं कि ऐसे किसी भी भड़काऊ संदेश को साझा या 'फॉरवर्ड' नहीं करें, जो लोगों के बीच विभाजन और नफरत फैलाता हो।' आठ से 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के मुस्लिम बहुल इलाकों में वक्फ़ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में हुए दंगों में एक पिता और पुत्र सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। हिंसा के सिलसिले में 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# कोलकाता में रहने वाले 30 पाकिस्तानी नागरिक खुफिया एजेंसियों की निगरानी में, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सतर्कता बढ़ी

**कोलकाता :** पहलगाम (कश्मीर) में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद अब कोलकाता में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की गतिविधियों पर खुफिया एजेंसियों ने विशेष नजर रखनी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोलकाता में इस समय 'लॉन्ग टर्म वीजा' (एलटीवी) पर रहने वाले 30 पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं। इनमें से अधिकांश महिलाएं हैं, जो भारतीय नागरिकों से विवाह करके यहां आकर बसी हैं।

हालांकि, 'सार्क वीजा' (एसवीईएस) पर भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटों के भीतर देश छोड़ने का निर्देश विदेश मंत्रालय द्वारा पहले ही जारी किया जा चुका है। खुफिया एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या



कोलकाता में कोई पाकिस्तानी नागरिक सार्क वीजा पर मौजूद है या नहीं। लेकिन एलटीवी वीजा पर रह रहे 30 पाकिस्तानी नागरिकों की उपस्थिति को लेकर एजेंसियों को स्पष्ट जानकारी है।

नियम के अनुसार, जब कोई पाकिस्तानी नागरिक भारतीय नागरिक से विवाह करता है, तो उन्हें शुरुआत में पांच साल का एलटीवी वीजा दिया जाता है। इसके बाद यह वीजा एक या दो वर्षों के लिए नवीनीकृत किया जाता है। वीजा के नवीनीकरण के लिए संबंधित पाक नागरिकों को समय-समय पर स्थानीय खुफिया कार्यालय में रिपोर्ट करना होता है। इसके साथ ही खुफिया एजेंसियां भी इन नागरिकों की पृष्ठभूमि और गतिविधियों की जांच करती हैं और उसके आधार पर वीजा बढ़ाने की सिफारिश करती हैं।

पहलगाम हमले के बाद इन 30 पाकिस्तानी नागरिकों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में लगी हैं कि ये लोग किन-किन लोगों से संपर्क में हैं और क्या उनके भारत में रहने के अलावा पाकिस्तान में भी किसी से नियमित संवाद होते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन पाकिस्तानी महिलाओं का अपने मायके यानी पाकिस्तान में परिवार के सदस्यों से संपर्क होना स्वाभाविक है, लेकिन एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि कहीं इसी माध्यम से कोलकाता का कोई व्यक्ति किसी संदिग्ध पाकिस्तानी से संपर्क में तो नहीं है।

अगर जरूरत पड़ी, तो खुफिया अधिकारी इन महिलाओं और उनके परिजनों से बातचीत भी कर सकते हैं। एजेंसियों का कहना है कि वर्तमान हालात को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लिया जा सकता। पाकिस्तान में जिन लोगों से ये महिलाएं संपर्क में हैं, उनकी पहचान भी एजेंसियों की निगरानी में है।

कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग की यह सतर्कता यह दर्शाती है कि देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

---

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. डब्ल्यू_एलएलएच_07_2023-24_आर1, दिनांक 23.04.2025; डेप्टी सीएमई/विद्युत, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए तकनीकी क्षमताएं रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** बोगी निर्माण कारखाना/बजबज के वर्कशॉप के महत्वपूर्ण कार्य सेंटर निर्माण के लिए बुनियादी सुविधा के सुधार के लिए विद्युतीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 17,75,227.90; **बयाना राशि:** रु. 35,500; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 20.05.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा का परिपूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in (MISC-32/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

---

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. डब्ल्यू_एलएलएच_03_2025-26, दिनांक 21.04.2025; डेप्टी सीएमई/विद्युत, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए तकनीकी क्षमताएं रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** क्रेन सं. केपी-127 (व्हील शॉप बे-1) का ड्रम कंट्रोलर ऑपरेशन से मॉस्टर कंट्रोल (केबिन) के रूप में रूपांतरण के साथ पेंडेंट ऑपरेशन हेतु प्रस्ताव। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 8,77,515.32; **बयाना राशि:** रु. 17,600; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.05.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा का परिपूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in (MISC-30/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

---

**कटवा और अजीमगंज के बीच दो जोड़ी ट्रेनों की पुर्नबहाल**

हावड़ा मंडल के कटवा-अजीमगंज शाखाओं में बजरसौ और टैंया एवं टैंया और सलार स्टेशनों के बीच ट्रैक रखरखाव कार्यों के लिए ट्रैफ़िक और पावर ब्लॉक के कारण कटवा और अजीमगंज के बीच दो जोड़ी ट्रेनों को 24 दिनों के लिए (सप्ताह में 03 दिन यानी मंगलवार, गुरुवार और शनिवार) 24.04.2025 से 17.06.2025 तक रुक-रुक कर) रद्द करने के संबंध में पूर्व की अधिसूचना के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि उक्त **ट्रैफ़िक एवं पावर ब्लॉक 26.04.2025 (शनिवार) को 1 दिन के लिए रद्द रहेगा।** फलस्वरूप, इस ब्लॉक के लिए रद्द की गई निम्नलिखित ट्रेनें **केवल 26.04.2025 (शनिवार) को पुर्नबहाल होंगी: (1) अजीमगंज से:** 53018, 63020 **(2) कटवा से:** 53017, 63019।

**मंडल रेल प्रबंधक/हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

---

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ.-झलझलिया, जिला: मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-351, दिनांक: 24.04.2025। कार्य का नाम:** मालदा में वन्दे भारत ट्रेनों के लिए रखरखाव संरचना एवं रखरखाव सुविधाओं के विकास के लिए विद्युतीय कार्य के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,55,57,329.97। **बयाना राशि:** ₹ 2,27,800। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 02.05.2025 से 16.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा का कार्यालय। निविदादाता से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (MLD-28/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

---

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा]। क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 10_2025-26, दिनांक: 24.04.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल के साहिबगंज लूप, रामपुरहाट-दुमका, बीबी-लूप, मेन लाइन, हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन, आन्दुल-कलकत्ता कॉर्ड लिंक लाइन, बर्द्धमान-कटवा, सेवड़ाफुली-गोघाट खंड में विभिन्न कम्पोजिट गार्डरों, डेक टाइप गार्डरों, सेमी-थ्रू गार्डरों तथा ओपन वेब गार्डरों पर साइड पाथ-वे का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 9,98,14,443.40। **बयाना राशि:** ₹ 6,49,100। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 11_2025-26, दिनांक: 24.04.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में आने वाले बरसात के मौसम के लिए विभिन्न लोकेशनों पर स्टोन बोल्डर बिछाने, बोल्डर क्रेटिंग, बल्ला, मिट्टी की भराई आदि का आपातकालीन कार्य एवं अन्य विविध कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 3,33,14,313.20। **बयाना राशि:** ₹ 3,16,600। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 08 (आठ) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए जमा बयाना राशि के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (HWH-46/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

---

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ.-झलझलिया, जिला: मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-354, दिनांक: 24.04.2025। कार्य का नाम:** मालदा मंडल में डीईएमयू शेड, कोचिंग/फ्रेट पर प्रकाश व्यवस्था का सुधार तथा सिग्नलिंग स्थापना पर वायरिंग का जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में शेष विद्युतीय कार्य सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,01,14,124.25। **बयाना राशि:** ₹ 2,50,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 02.05.2025 से 16.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा का कार्यालय। निविदादाता से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (MLD-31/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

---

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), सियालदह मंडल, पूर्व रेलवे, द्वितीय मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 सियालदह मंडल में विभिन्न रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर पांच (05) वर्षों के लिए मॉड्यूलर केटरिंग स्टॉल के माध्यम से खानपान सेवाओं के प्रावधान के लिए खानपान व्यवसाय में तीन वर्षों का अनुभव और अन्य वित्तीय पात्रता मानदंड रखने वाले खाद्य एवं खानपान सेवा प्रदाता, एक व्यक्ति या एकमात्र स्वामित्व वाली फर्म या कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन निगमित कंपनी या भागीदारी अधिनियम, 1932 के अधीन पंजीकृत साझेदारी फर्म से एकल स्तरीय, दो लिफाफा प्रणाली में प्रतिस्पर्धी ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। प्रस्तावित इकाई का विवरण निम्नानुसार है:- **क्र.सं.; स्टेशन; स्टेशन की श्रेणी; इकाई सं.;श्रेणी; स्थान; वार्षिक न्यूनतम आरक्षित मूल्य; बयाना राशि (ईएमडी)** एवं **बोली दस्तावेज की कीमत** निम्नानुसार हैं: **1**; सियालदह; ए1; एसडीएएच/एस-3ए; साधारण; उत्तरी कॉनकोर्स (ड्राइंग के अनुसार); ₹ 19,29,697; ₹ 2,00,700 और ₹ 5,600। **2**; सियालदह; ए1; एसडीएएच/एस-5ए; साधारण; पी.एफ. 7/8 (ड्राइंग के अनुसार); ₹ 7,12,626; ₹ 74,200 और ₹ 3,360। **3**; सियालदह; ए1; एसडीएएच/एस-10ए; साधारण; मेन कॉनकोर्स (ड्राइंग के अनुसार); ₹ 23,80,223; ₹ 2,47,600 और ₹ 5,600। **4**; सियालदह; ए1; एसडीएएच/एस-18ए; साधारण; साउथ कॉनकोर्स (ड्राइंग के अनुसार); ₹ 21,42,477; ₹ 2,22,900 और ₹ 5,600। आरक्षित मूल्य, निविदा दस्तावेज की कीमत, जमा बयाना राशि, विस्तृत नियम और शर्तें सम्मिलित निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इस निविदा के लिए बोली सिर्फ उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से जमा करनी होगी। **बोली बंद होने की तारीख और समय:** 13.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे। (SDAH-29/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

---

**ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: केजीपी/पीएनयू-एमएसएस/2025/04**
**दिनांक: 25.04.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, निम्नलिखित के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करता है:
• खड़गपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 पर मौजूद एक सामान्य 'पे एंड यूज' शौचालय इकाई के संचालन और रखरखाव का अनुबंध 3 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए और बालेश्वर रेलवे स्टेशन के पीएफ-1 पर एक सामान्य 'पे एंड यूज' शौचालय इकाई के संचालन और रखरखाव का अनुबंध 3 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए। **नीलामी कैटलॉग संख्या: पीएनयूटीओआई-केजीपी-बीएलएस, नीलामी तिथि: 09.05.2025, नीलामी शुरू/समाप्ति समय:** क्रमशः **13:00 बजे और 13:40 बजे।** • दिघा रेलवे स्टेशन पर 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए 1 बैटरी चालित गाड़ी का प्रावधान और संचालन। **नीलामी कैटलॉग संख्या: एमएसएस-दिघा-बीओसी-10, नीलामी तिथि: 09.05.2025, नीलामी शुरू/समाप्ति समय:** क्रमशः **11:00 बजे और 11:30 बजे।** जिन्हें वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in/** पर अधिसूचित किया गया है। इच्छुक पार्टियों और ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट पर जाएं। यदि कोई पूछताछ/स्पष्टीकरण हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

**(PR-78)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

---

**राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद**
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
33, ब्लॉक-जीएन, सेक्टर-V
बिधान नगर, कोलकाता- 700091
संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

**विज्ञापन संख्या: 05/2025**

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत कार्यरत एक स्वायत्त वैज्ञानिक संगठन, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पद का नाम, वेतनमान और अधिकतम आयु सीमा | पदों की संख्या | श्रेणियां |
|---|---|---|---|
| 1. | तकनीशियन-'ए'<br>वेतन मैट्रिक्स लेवल 2<br>(रु. 19,900-63,200/-)<br>अधिकतम आयु 35 वर्ष | **13**<br>ट्रेड: फिटर-5, बढ़ई-6, इलेक्ट्रॉनिक्स-1 और इलेक्ट्रिकल-1 | अजा - 5, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग - 1 और अनारक्षित -7 |
| 2. | तकनीकी सहायक-'ए'<br>वेतन मैट्रिक्स लेवल 5<br>(रु. 29,200-92,300/-)<br>अधिकतम आयु 35 वर्ष | **09**<br>ट्रेड: इलेक्ट्रॉनिक्स-1, कंप्यूटर-2, इलेक्ट्रिकल-2, मैकेनिकल-2 और सिविल-2 | अजा-1, अजजा-1, अन्य पिछड़ा वर्ग - 1, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग- 2 एवं अनारक्षित- 4 |
| 3. | कलाकार "ए"<br>वेतन मैट्रिक्स लेवल 2<br>(रु. 19,900-63,200/-)<br>अधिकतम आयु 35 वर्ष | **02** | अनारक्षित- 2 |
| 4. | कार्यालय सहायक ग्रेड III,<br>वेतन मैट्रिक्स लेवल 2<br>(रु. 19,900-63,200/-)<br>अधिकतम आयु 25 वर्ष | **06** | अन्य पिछड़ा वर्ग- 3 और अनारक्षित - 3 |

इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **23.05.2025** है। ऑनलाइन आवेदन करने और विज्ञापन के विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट **https:/ncsm.gov.in/notice/career** देखें।

---

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 (नीलामी संचालनकारी अधिकारी) द्वारा सियालदह मंडल के तहत पार्किंग लॉटों के संचालन के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है। **(क) नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएआरके-एमएवाई-25-95; **नीलामी शुरू:** 07.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं., लॉट सं. एवं स्टेशन** क्रमशः निम्नलिखित हैं: (एए/1) पार्किंग-एसडीएएच-बीटीवाई-टीडब्ल्यू-173-22-1; बेथुआडहरी। (एए/2) पार्किंग-एसडीएएच-आईपी-टीडब्ल्यू-281-23-1; ईछापुर। (एए/3) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-108-24-1; जगद्दल। (एए/4) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-111-25-1; जगद्दल। (एए/5) पार्किंग-एसडीएएच-एजीपी-टीडब्ल्यू-317-23-1; अगरपाड़ा। (एए/6) पार्किंग-एसडीएएच-बीएसएलए-टीडब्ल्यू-291-23-1; भासिला। (एए/7) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-103-24-1; जगद्दल। (एए/8) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-105-24-1; जगद्दल। (एए/9) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-107-24-1; जगद्दल। (एए/10) पार्किंग-एसडीएएच-एसईपी-टीडब्ल्यू-199-23-1; सोदपुर। (एए/11) पार्किंग-एसडीएएच-एसईपी-टीडब्ल्यू-47-25-1; सोदपुर। (एए/12) पार्किंग-एसडीएएच-आईपी-टीडब्ल्यू-87-25-1; ईछापुर। (एए/13) पार्किंग-एसडीएएच-एनएआई-टीडब्ल्यू-295-23-1; नंगी। (एए/14) पार्किंग-एसडीएएच-एनएआई-टीडब्ल्यू-294-24-1; नंगी। (एए/15) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-104-24-1; जगद्दल। (एए/16) पार्किंग-एसडीएएच-एजीपी-टीडब्ल्यू-311-24-1; अगरपाड़ा। (एए/17) पार्किंग-एसडीएएच-बीटीवाई-टीडब्ल्यू-53-25-1; बेथुआडहरी। (एए/18) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-109-25-1; जगद्दल। (एबी/1) पार्किंग-एसडीएएच-डीएकेई-एमएक्स-186-25-1; दक्षिणेश्वर। (एसी/1) पार्किंग-एसडीएएच-बीटीवाई-आरडब्ल्यू-272-23-1; बेथुआडहरी। **(ख) नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएआरके-एमएवाई-25-94; **नीलामी शुरू:** 06.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं., लॉट सं. एवं स्टेशन** क्रमशः निम्नलिखित हैं: (एए/1) पार्किंग-एसडीएएच-बीएलएच-टीडब्ल्यू-22-25-1; बेलघरिया। (एए/2) पार्किंग-एसडीएएच-बीएनजे-टीडब्ल्यू-25-25-1; बनगाँव जंक्शन। (एए/3) पार्किंग-एसडीएएच-जीयूएमए-टीडब्ल्यू-73-25-2; गुमा। (एए/4) पार्किंग-एसडीएएच-जीयूएमए-टीडब्ल्यू-72-25-1; गुमा। (एए/5) पार्किंग-एसडीएएच-बीएलएच-टीडब्ल्यू-170-25-1; बेलघरिया। (एए/6) पार्किंग-एसडीएएच-जेडीजीएल-टीडब्ल्यू-99-23-2; जगद्दल। (एए/7) पार्किंग-एसडीएएच-डीएचएनआर-टीडब्ल्यू-234-24-1; दुर्गानगर। (एए/8) पार्किंग-एसडीएएच-सीजी-टीडब्ल्यू-54-25-1; कैनिंग। (एए/9) पार्किंग-एसडीएएच-केवाईआई-टीडब्ल्यू-243-25-1; कल्याणी। (एए/10) पार्किंग-एसडीएएच-आईपी-टीडब्ल्यू-90-25-1; ईछापुर। (एए/11) पार्किंग-एसडीएएच-बीपीसी-टीडब्ल्यू-180-24-1; बहरमपुर कोर्ट। (एए/12) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-102-25-1; जगद्दल। (एए/13) पार्किंग-एसडीएएच-केवाईआई-टीडब्ल्यू-117-25-2; कल्याणी। (एए/14) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-110-25-1; जगद्दल। (एए/15) पार्किंग-एसडीएएच-बीपी-टीडब्ल्यू-33-25-1; बैरकपुर। (एए/16) पार्किंग-एसडीएएच-बीएलएच-टीडब्ल्यू-23-25-1; बेलघरिया। (एए/17) पार्किंग-एसडीएएच-जेजीडीएल-टीडब्ल्यू-94-24-1; जगद्दल। (एबी/1) पार्किंग-एसडीएएच-आरएमटीआर-एमएक्स-240-25-1; रिमाउंट रोड। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (SDAH-28/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शिक्षकों ने एसएससी भवन के सामने आंदोलन स्थगित किया, शहीद मीनार पर धरना जारी

**❑ एसएससी की ओर से लगभग 16,000 योग्य शिक्षकों की सूची जारी करने के बाद उठाया कदम**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) मुख्यालय का पिछले पांच दिन से घेराव कर रहे प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने योग्य उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित किए जाने के बाद शुक्रवार को अपना आंदोलन अस्थायी रूप से स्थगित करने और अपने विद्यालयों में लौटने का फैसला किया। योग्य शिक्षक मंच के एक नेता ने कहा कि यह कदम डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा लगभग 16,000 योग्य शिक्षकों की सूची जारी करने के बाद उठाया गया है।



मंच के नेता धृतिश मंडल ने कहा कि हम एसएससी मुख्यालय के समक्ष धरना आज से वापस ले रहे हैं। हमारा विरोध मध्य कोलकाता में शहीद मीनार पर जारी रहेगा। मंच 2016 एसएससी परीक्षा के बाद भर्ती किए गए लगभग 26,000 शिक्षकों की नौकरियों को अमान्य करने वाले तीन अप्रैल के आदेश के संबंध में उच्चतम न्यायालय में दायर की जाने वाली पुनरीक्षण याचिका पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पूरे दिन खुले में बैठने से हमारे लिए कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करके याचिका तैयार करना मुश्किल हो जाएगा। हालांकि, शहीद मीनार पर धरना तब तक जारी रहेगा जब तक पात्र शिक्षकों को बहाल नहीं कर दिया जाता। एक अन्य शिक्षक शुभंकर घोष ने कहा कि डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा जारी सूची में 10 और शिक्षकों के नाम शामिल करने जैसी मांगों को लेकर विरोध जारी रहेगा। एसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने 10 नामों के छूट जाने को तकनीकी त्रुटि बताया था और नयी सूची जारी करने का वादा किया था। एक प्रदर्शनकारी शिक्षक ने कहा कि हालांकि सूची जारी कर दी गई है, भले ही वह अधूरी है और जिन शिक्षकों के नाम सूची में हैं, उनका अभी स्कूल लौट जाना समझदारी है। उच्चतम न्यायालय भी स्थिति पर नजर रख रहा है। हम अपनी शेष मांगों को लेकर गर्मी की छुट्टियों के दौरान अपना आंदोलन फिर से शुरू करेंगे। इनमें 60 वर्ष की आयु तक बहाली और पात्र उम्मीदवारों की पूरी सूची प्रकाशित करने की मांग शामिल है। शिक्षकों ने 21 अप्रैल को धरना शुरू किया था, जिसमें सेवानिवृत्ति की आयु तक स्कूलों में बहाली और 2016 एसएससी भर्ती में दागी पाए गए उम्मीदवारों को तत्काल हटाने की मांग की गई थी।

## बंगाल के विश्वविद्यालयों के कामकाज में हस्तक्षेप की कोशिश हो रही : शिक्षक संघों का आरोप

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के 12 विश्वविद्यालयों में शिक्षक संघों ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य संचालित उच्च शिक्षण संस्थानों के कामकाज में हस्तक्षेप किया जा रहा है और विश्वविद्यालयों पर 'मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) थोपने' के प्रयास किये जा रहे हैं। आरोप लगाने वाले शिक्षक संगठनों में यादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेयूटीए), कलकत्ता विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, बंगाल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय के शिक्षक और एमएकेएयूटी के शिक्षक शामिल हैं।जेयूटीए के महासचिव पार्थ प्रतिम रॉय ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हमारा मानना है कि अगर यह नीति (एचआरएमएस) लागू की गई तो उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता के जो भी निशान बचे हैं, वे भी खत्म हो जाएंगे। इसके अलावा, यह नीति विश्वविद्यालयों के सभी अधिकारों, खासकर वित्तीय अधिकारों को व्यवस्थित तरीके से छीनकर उन्हें उच्च शिक्षा विभाग के दफ्तरों में बदल देगी।' उन्होंने कहा, 'यह सर्वविदित तथ्य है कि मौजूदा विश्वविद्यालय अधिनियमों के अनुसार किसी विश्वविद्यालय के कुलपति/रजिस्ट्रार/वित्त अधिकारी ही उस विश्वविद्यालय के आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) का पद संभालते हैं। एचआरएमएस से विश्वविद्यालयों के इन बुनियादी ढांचे में भी बदलाव आने का खतरा है।' रॉय ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग संबंधित विश्वविद्यालयों के डीडीओ (आहरण एवं वितरण अधिकारी) के रूप में कार्य करने के लिए एक अधिकारी को नियुक्त करने की योजना बना रहा है, जो 'मौजूदा विश्वविद्यालय अधिनियमों और विधियों के विरुद्ध है।' उन्होंने कहा, 'इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों को वेतन देने, पदोन्नति या सेवानिवृत्ति लाभ देने, पीएफ और ग्रेच्युटी राशि वितरित करने का अधिकार भी खो देंगे। साथ ही, अगर सरकार किसी भी कारण से, चाहे वह राजनीतिक हो या व्यक्तिगत, किसी भी कर्मचारी का वेतन रोकती है, तो विश्वविद्यालय प्राधिकार का इसमें कोई अधिकार नहीं होगा।' विश्वविद्यालयों के शिक्षक संगठनों ने कहा कि यदि विभाग इस कदम पर अमल करता है तो वे विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए न्याय की मांग करते हुए सड़कों और अदालतों दोनों मोर्चों पर सतत आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे।

### बीरभूम में विस्फोट से मकान क्षतिग्रस्त

**बोलपुर :** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सैंथिया थाना क्षेत्र के सिजा गांव में शुक्रवार की सुबह एक रहस्यमयी विस्फोट हुआ, जिससे घर की छत उड़ गयी और मिट्टी की दीवार गिर गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि धमाके की जोरदार आवाज से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय चश्मदीदों के अनुसार, विस्फोट के बाद मकान मालिक ने खुद ही जेसीबी बुलाकर मलबा हटाना शुरू कर दिया, जिससे उसकी गतिविधियों पर शक गहराने लगा। घर का स्वामी फिलहाल फरार है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। विस्फोट का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच जारी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं घर में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री तो नहीं रखी गई थी या घर में विस्फोटक का निर्माण तो नहीं किया जा रहा था।

## बांग्लादेश की सीमा से सटे मुर्शिदाबाद में चार करोड़ के मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**❑ 3200 ग्राम हेरोइन और 30,000 याबा टैबलेट के साथ धराया तस्कर**

**कोलकाता :** बांग्लादेश की सीमा से सटे मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला थाने की पुलिस ने चार करोड़ के मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर चारबाबूपुर पुरबापाड़ा इलाके से 3 किलो 200 ग्राम हेरोइन और 30,000 याबा टैबलेट बरामद करने के साथ संटू शेख नामक एक स्थानीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को जब उसे शेख को अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने सात दिन की रिमांड पर भेज दिया।

भगवानगोला के एसडीपी उत्तम गरई ने बताया कि संटू मादक तस्कर गिरोह के लिए 'कैरियर' का काम करता था। यह पहली बार है कि इस क्षेत्र से याबा टैबलेट बरामद की गई हैं। पिछले कुछ महीनों में इस क्षेत्र में हेरोइन और फेंसिडिल की कई खेप जब्त किए गए हैं, लेकिन याबा टैबलेट बरामद होने का यह पहला मामला है। बरामद मादक पदार्थों का बाजार मूल्य लगभग चार करोड़ रुपये होने की बात कही गई है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान संटू ने कबूल किया कि वह पहले भी पुलिस और बीएसएफ को चकमा देकर मादक पदार्थों की तस्करी कर चुका है। इस बार वह 25,000 रुपये के बदले में मादक पदार्थ सीमा पर पहुंचाने की कोशिश कर रहा था।

## हाई कोर्ट ने राज्य और रेलवे को रेल मार्ग बनाने का दिया निर्देश

**❑ महानगर से सटे दक्षिण 24 परगना जिले में स्वीकृत रेल मार्ग पर काम नहीं होने का मामला**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता सरकार और रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे महानगर से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर गुरदासनगर से सियालदह दक्षिण शाखा पर बिष्णुपुर में बखराहाट और नुंगी तक लगभग 30 किलोमीटर की स्वीकृत रेलवे लाइन के निर्माण के लिए पहल करें। हाल ही में दक्षिण 24 परगना जिला कांग्रेस के सचिव रामरावण पाल ने एक वकील के माध्यम से हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में एक जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया कि ट्रेन सेवाओं की कमी के कारण उन



क्षेत्रों के निवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनके इस परेशानी को कम करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, इसके बाद हाई कोर्ट ने राज्य और रेलवे को निर्देश दिया कि वे भूमि अधिग्रहण और वित्तीय मंजूरी के मुद्दे पर विचार करते हुए संबंधित परियोजना के क्रियान्वयन के लिए पहल करें। रामरावण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस परियोजना के लिए 11,970 करोड़ रुपये आवंटित किया गया था। इसके अलावा, मुख्यमंत्री कार्यालय और रेलवे अधिकारियों को भी भूमि अधिग्रहण के बारे में सूचित करते हुए कई पत्र भेजे गए। सभी दस्तावेज अदालत में जमा कर दिए गए हैं। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि रेलवे के माध्यम से बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में कोई सीधा आदेश नहीं दिया जा सकता है। हालांकि, इस मुद्दे को जनहित में ध्यान में रखते हुए रेलवे और राज्य को पहल करने की जरूरत है। क्योंकि, यदि परियोजना क्रियान्वित होगी तो बहुत से लोगों को लाभ होगा।

### टीटागढ़ रेल-बीएचईएल ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया

**कोलकाता :** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के साथ मिलकर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के उत्तरपाड़ा स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में वंदे भारत शयनयान रेलगाड़ियों के लिए एक अलग उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। वंदे भारत शयनयान (स्लीपर) रेलगाडियां देश में लंबी दूरी तय करने वाली पहली ऐसी ट्रेन होगी जो मध्यम उच्च गति से चलेंगी। इन्हें वंदे भारत ट्रेनों की तर्ज पर विकसित किया गया है जिनमें यात्री लेटकर सफर कर सकेंगे। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को यात्रियों की बेहतर सुविधा, स्वदेशी तकनीक, आधुनिक लेआउट, स्मार्ट ऑनबोर्ड सिस्टम और बेहतर सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है। भारतीय रेलवे ने टीआरएसएल और बीएचईएल के गठजोड़ को 80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के डिजाइन, विनिर्माण और 35 साल के रखरखाव के लिए 24,000 करोड़ रुपये का ठेका दिया हुआ है। इसी सिलसिले में यह उत्पादन संयंत्र स्थापित किया गया है। इस संयंत्र के उद्घाटन के समय टीआरएसएल के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी और बीएचईएल के निदेशक बानी वर्मा सहित दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उत्तरपारा इकाई में उत्पादन अब चालू हो गया है। यह देश की एकमात्र साइट है, जहां एक ही छत के नीचे स्टेनलेस स्टील और एल्यूमीनियम, दोनों तरह के कोच बन सकते हैं। चौधरी ने कहा कि 300 कोच की मौजूदा वार्षिक क्षमता के साथ, मांग बढ़ने पर उत्तरपारा संयंत्र की क्षमता को 850 कोच तक बढ़ाया जा सकता है।

### टॉमी हिलफिगर पहुंचे मुंबई: फैशन, संस्कृति और क्रिएटिविटी का शानदार जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** टॉमी हिलफिगर के संस्थापक टॉमी हिलफिगर ने 15 अप्रैल को मुंबई का दौरा किया। जहां फैशन, संस्कृति और क्रिएटिविटी का एक अद्वितीय संगम हुआ। इस मौके पर उन्होंने जियो वर्ल्ड ड्राइव स्थित टॉमी हिलफिगर स्टोर का दौरा किया और एक पैनल चर्चा में हिस्सा लिया, जिसे सारा-जेन डायस और मानुषी छिल्लर ने होस्ट किया। चर्चा में स्टाइल, फैशन और वैश्विक प्रभाव जैसे विषयों पर गहरी बात हुई, जो अमेरिकी और भारतीय फैशन संस्कृतियों के बीच एक शानदार जुड़ाव था। शाम को श्री हिलफिगर ने ताज महल पैलेस होटल में एक खास डिनर पार्टी आयोजित की, जिसमें बॉलीवुड सितारे जैसे करण जौहर, सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर, और गुरु रंधावा शामिल हुए। यह शाम फैशन, रचनात्मकता और भारत के मनोरंजन जगत से टॉमी हिलफिगर के बढ़ते संबंधों का बेहतरीन उत्सव रही।

### वर्ल्ड बुक डे 2025 पर अमेजन इंडिया का मेक इंडिया रीड मोर मिशन और मजबूत

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ल्ड बुक डे 2025 पर अमेजन इंडिया ने अपने मेक इंडिया रीड मोर मिशन को और मजबूत किया है, जिसका उद्देश्य भारत में किताबों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना है। कंपनी ने नए ग्राहकों की बढ़ती संख्या और टियर 2 शहरों में मेट्रो शहरों से दोगुनी वृद्धि का अनुभव किया है। इस दौरान, अमेजन ने एनबीटी और एनसीईआरटी के साथ मिलकर एक राष्ट्रव्यापी बुक डोनेशन ड्राइव शुरू की, जिससे आंगनवाड़ियों, सरकारी स्कूलों और सामाजिक संगठनों तक हजारों किताबें पहुंचाई जाएंगी। अमेजन इंडिया ने अपनी डिलीवरी क्षमताओं को बढ़ाया है और 14 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में 2 करोड़ से अधिक किताबों का कैटलॉग पेश किया है। इसके साथ ही, कंपनी ने अपनी मंथली बुक बाजार के तहत 300 से अधिक किताबों पर डील्स और विशेष रीडिंग लिस्ट्स की पेशकश की है। अमेजन इंडिया का यह मिशन भारत में एक मजबूत और विविध रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हर क्लिक में विश्वास: ई-कॉमर्स धोखाधड़ी से निपटने के लिए अमेजन की बहु-स्तरीय रणनीति

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के ई-कॉमर्स बाजार में धोखाधड़ी और दुरुपयोग की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए, अमेजन इंडिया ने अपने ग्राहकों को सुरक्षित और विश्वसनीय शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए बहु-स्तरीय रणनीतियां अपनाई हैं। अमेजन ने वन-टाइम पासवर्ड सत्यापन, सख्त विक्रेता खाता सत्यापन, सुरक्षित पैकेजिंग और ओपन बॉक्स डिलीवरी जैसी पहलें लागू की हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने एआई-सक्षम निगरानी और 24/7 ग्राहक समर्थन की व्यवस्था भी की है, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं को रोका जा सके। ग्राहकों को भी धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी गई है। जैसे ओटीपी को साझा न करना, पैकेज की छेड़छाड़ की जांच करना, और रिटर्न प्रक्रियाओं का सही तरीके से पालन करना। अमेजन के डायरेक्टर अक्षय साही ने कहा, हम एक सुरक्षित शॉपिंग अनुभव के लिए प्रतिबद्ध हैं और ग्राहकों को सुरक्षा प्रथाओं का पालन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## वर्दवान-तिनपहाड़ मेमू पेसेंजर ट्रेन के समय में 27 अप्रैल से परिवर्तन

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय रेलवे ने 63063 अप वर्दवान-तिनपहाड़ मेमू यात्री ट्रेन के समय में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। यह संशोधित समय 27 अप्रैल से प्रभावी होगा। जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। इस नए समय सारणी के अनुसार, ट्रेन वर्दवान से सुबह 06:20 बजे प्रस्थान करेगी और तिनपहाड़ जंक्शन पर 11:30 बजे पहुंचेगी।

यह ट्रेन यात्रा के दौरान कुल 34 स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिनमें प्रमुख स्टेशन जैसे गुस्करा, बोलपुर शांति निकेतन, रामपुरहाट, नलहाटी, पाकुर आदि शामिल हैं। इसके अलावा, यह ट्रेन गुस्करा स्टेशन पर 07:01 बजे पहुंचेगी और 07:02 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार, तिनपहाड़ जंक्शन पर यह ट्रेन 11:30 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा, अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी ट्रेन का आगमन और प्रस्थान समय में बदलाव हुआ है, जैसे कि बोलपुर शांति निकेतन (07:22 बजे आगमन, 07:23 बजे प्रस्थान) और रामपुरहाट (08:32 बजे आगमन, 08:36 बजे प्रस्थान)। रेलवे द्वारा यह समय परिवर्तन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि उन्हें यात्रा में कोई असुविधा न हो।

## 'द हेरिटेज अकादमी' के मीडिया मोसाइक 2025 में सौरीश शुक्ला ने छात्रों को किया प्रेरित





**कोलकाता, समाज्ञा :** 'द हेरिटेज अकादमी' के वार्षिक कार्यक्रम मीडिया मोसाइक 2025 के अंतर्गत आयोजित फिल्म फेस्टिवल में फिल्म जगत और शिक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता, पटकथा लेखक और निर्देशक सौरीश शुक्ला ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों के साथ एक प्रेरणादायक संवाद किया। फिल्म्स एंड बियोंड नामक सत्र में शुक्ला जी ने फिल्म निर्माता जुड़जीत सरकार के साथ मिलकर भारतीय सिनेमा की वर्तमान दिशा, बदलते कंटेंट, नए प्लेटफॉर्म और मनोरंजन उद्योग की चुनौतियों पर गहन चर्चा की। ऑडिटोरियम में छात्रों का उत्साह चरम पर था जब उन्होंने सत्या, बर्फी!, पीके और लगे रहो मुन्ना भाई जैसी फिल्मों से जुड़े अनुभव साझा किए।

इस आयोजन में कोलकाता के कई प्रतिष्ठित कॉलेजों ने भाग लिया, जिनमें टेक्नो इंडिया, सेंट जेवियर्स, हेरिटेज लॉ कॉलेज आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में छात्रों को न केवल फिल्म निर्माण, पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया की बारीकियों से रूबरू कराया गया, बल्कि सौरीश शुक्ला द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मीडिया विज्ञान विभाग की डीन डॉ. माधुपा बक्षी ने कहा, सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, विचारों और संस्कृति का वाहक है। सौरीश शुक्ला की मौजूदगी ने छात्रों को इस माध्यम की गहराई समझने में मदद की। कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि 'द हेरिटेज अकादमी' शिक्षा और रचनात्मकता के संगम का जीवंत केंद्र है।

### कूल रहें और स्मार्ट खरीददारी करें अमेजन पर गर्मियों के लिए आपकी गाइड

**कोलकाता, समाज्ञा :** बढ़ते तापमान के बीच, अमेजन ने अपने ग्राहकों के लिए गर्मियों में ठंडा और आरामदायक रहने के लिए एक बेहतरीन गाइड पेश की है। इस विशेष बिक्री में, जो लिक्विड आई.वी. द्वारा संचालित है, ग्राहकों को स्लीपी आउल, ग्लूकोन-डी, हिमालय, बैम्बो नेचर, पेटविट और गूफी टेल्स जैसे प्रमुख ब्रांडों से गर्मियों के लिए जरूरी उत्पादों पर आकर्षक मूल्य मिलेंगे। ग्राहक अमेज़न पे का इस्तेमाल करके अतिरिक्त बचत का आनंद ले सकते हैं, जबकि प्राइम सदस्य 10 लाख से अधिक उत्पादों पर उसी दिन डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं। गर्मियों के लिए आवश्यक हाइड्रेटिंग ड्रिंक्स, बच्चों और पालतू जानवरों के लिए उत्पाद जैसे लिक्विड आई.वी., स्लीपी आउल कोल्ड ब्रू, और पेटविट डॉग इचिंग रिलीफ स्प्रे, सभी आसानी से घर पर डिलीवर किए जा सकते हैं। अमेज़न यह सुनिश्चित करता है कि इस गर्मी में आप ठंडक और आरामदायक अनुभव का आनंद लें।

## एनसीसी निदेशालय ने सिक्किम के चांगू सीमा क्षेत्र में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम शुरू किया



**कोलकाता :** राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और सीमावर्ती गांवों में जीवन के तरीके को समझने की एक उत्साही पहल में, एनसीसी के पश्चिम बंगाल और सिक्किम निदेशालय के कैडेटों ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सिक्किम के दूरदराज वाले चांगू सीमा क्षेत्र में कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन सीमावर्ती गांवों की आबादी को राष्ट्र के साथ एकीकृत करना, समृद्धि सुनिश्चित करना और स्थानीय संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देना है। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में कोलकाता में बंगाल व सिक्किम निदेशालय के दौरे के दौरान एनसीसी के महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह द्वारा एनसीसी भागीदारी की व्यापक रूपरेखा के अनुरूप कैडेटों व इंस्ट्रक्शनल स्टाफ द्वारा यह वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो शुरू में सिक्किम के चांगू क्षेत्र के दूरदराज के विभिन्न सीमावर्ती गांवों तक पहुंचेगा।

विकसित भारत- 2047 के लक्ष्य के तहत एनसीसी इकाइयों ने स्थानीय लोगों और नागरिक प्रशासन के साथ गहन परामर्श में वहां विभिन्न गतिविधियों की एक श्रृंखला को समन्वित किया है, जो 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलेगा, ताकि इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान कैडेटों द्वारा स्वच्छता अभियान व अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता रैलियों के आयोजन सहित चांगू सीमा क्षेत्र के सभी दूरदराज के गांवों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से स्थानीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विवेक त्यागी के दिशा-निर्देशन में ये कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

एनसीसी अधिकारियों के अनुसार, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम सेना इकाइयों, स्थानीय युवा संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिक प्रशासन सहित अत्यंत दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों के साथ एनसीसी के सहयोग को दर्शाते हैं। सिक्किम और बंगाल के विभिन्न सीमावर्ती गांवों में एनसीसी की ऐसी पहलों की श्रृंखला आने वाले महीनों में बड़े पैमाने पर शुरू की जाएगी, जिसमें एनसीसी कैडेट समुदाय संचालित विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण में शामिल होंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामीण समुदायों के साथ सीधे संपर्क के माध्यम से देशभक्ति की भावना भरना और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को समझना है।

## पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में किया शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में अत्यधिक प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन किया है, जो उसके बुनियादी ढांचे के विकास, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और वित्तीय अनुशासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान रेलवे ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की, जिनमें से एक प्रमुख उपलब्धि पूंजीगत व्यय में 20% से अधिक की वृद्धि थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कैपेक्स 4,452 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 3,725 करोड़ था। इस वृद्धि से यह स्पष्ट होता है कि पूर्व रेलवे अपने बुनियादी ढांचे के उन्नयन और नेटवर्क विस्तार पर विशेष ध्यान दे रहा है। इसके अलावा, पूर्व रेलवे ने अपनी कुल आय में भी बेहतरीन वृद्धि दर्ज की। कुल उत्पन्न आय में 17% का इजाफा हुआ, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14,273 करोड़ तक पहुंच गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह 12,207 करोड़ थी। इस सफलता का श्रेय बढ़ी हुई मालवहन और यात्री सेवा क्षमताओं, बेहतर ग्राहक पहुंच और ऑपरेशनल दक्षता को जाता है। साथ ही, अन्य आय स्रोतों से प्राप्त आय, जो सहायक राजस्व का एक अहम हिस्सा है, में भी रिकॉर्ड 34% की वृद्धि देखी गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस श्रेणी में आय 629 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 470 करोड़ थी। यह गैर-कोर संपत्तियों के मुद्रीकरण और नए राजस्व सृजन उपायों के सफल कार्यान्वयन का परिणाम है। इस वित्तीय वर्ष में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि रही, जब पूर्व रेलवे ने पिछले दशक का सबसे कम संचालन अनुपात हासिल किया।

## हावड़ा स्टेशन: स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन की गवाही, भारतीय इतिहास का एक जीवित प्रतीक



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन, जो आज पूर्व रेलवे के शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा है, भारत के स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन की ऐतिहासिक गवाह है। यह रेलवे स्टेशन न केवल ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है, बल्कि 15 अगस्त 1947 को भारतीय स्वतंत्रता के ऐतिहासिक दिन की गवाही भी दी। 19वीं शताब्दी में बने इस स्टेशन ने ब्रिटिश शासन के दौरान माल और सैनिकों के परिवहन का प्रमुख केंद्र बनने के साथ ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख घटनाक्रमों का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त किया। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्रता का उत्सव मना रहा था, हावड़ा स्टेशन इस बदलाव का केंद्र बन गया। स्वतंत्रता की खुशी तो थी, लेकिन बंटवारे के साथ आई हिंसा और विस्थापन के जख्म ताजे थे।

भारत और पाकिस्तान के विभाजन के साथ, हावड़ा स्टेशन शरणार्थियों के आगमन का मुख्य स्थल बन गया। शरणार्थियों के पास अपने सामान के अलावा कुछ नहीं था, और उन्हें अस्थायी आश्रय के रूप में स्टेशन के परिसर में ठहरने का अवसर मिला। प्लेटफार्म और प्रतीक्षा कक्ष शरणार्थियों से भरे हुए थे, जो अपने घरों और परिवारों के टूटने के बाद यहां शरण लेने पहुंचे थे। हावड़ा स्टेशन, जो पहले ही रेलवे परिवहन का प्रतीक था, अब सहनशीलता और अस्तित्व की भावना का प्रतीक बन गया। यह स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन के समय की पीड़ा का मूक गवाह बनते हुए, एक नए भारत की उम्मीद और संघर्ष की कहानी सुनाता है।

## कश्मीर के शहीदों को श्रद्धांजलि देने सदासुख कटरा व्यापारियों ने जलाए दीप



**कोलकाता, समाज्ञा :** सदासुख कटरा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए 28 भाइयों की निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह भावुक श्रद्धांजलि सभा संगठन के सदस्यों द्वारा एकजुट होकर आयोजित की गई। कार्यक्रम की सफलता में अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव राजेश कुमार केडिया, सह-सचिव बृजमोहन गोयनका सहित राज नारायण टिबरेवाल, सुभाष ककरानिया, प्रेम कुमार टिबरेवाल, सुशील केडिया, रमाकांत देवड़ा, यश अग्रवाल, प्रदीप पोद्दार, ओम प्रकाश लाहोटी एवं समस्त व्यापारीगणों का विशेष योगदान रहा।

## सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दिव्य सान्निध्य में 27 अप्रैल को आयोजित होगा अभ्युदय कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दिव्य सान्निध्य में अद्वितीय, अदभुत और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन आगामी 27 अप्रैल को होने जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय मालू ने बताया कि इस कार्यक्रम में अष्ट सिद्धि एव नौ निधि के धारक श्री ब्रह्मर्षि गुरुवर, जो वैदिक विज्ञान के पूर्ण ज्ञाता है, कोलकाता की पावन धर्मधरा पर आशीर्वाद देने पधार रहें है। इस विशाल कार्यक्रम में देश विदेश से भी अनेक गुरु भक्त शामिल होंगे। कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां की जा रहीं है। राप्रोक्योर के निदेशक सिद्धार्थ मालू ने बताया कि जीवन के विविध क्षेत्रों में स्थायी सफलता के लिए सही नेतृत्व और आत्मिक जागरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं।

ब्रह्मर्षि आश्रम के पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष निर्मल कनोडिया ने बताया कि सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव वर्तमान युग के अवतरित महामानव है। जिनके आभामंडल में आने मात्र से ही शक्ति का संचारण हो जाता हैं। गुरु भक्त प्रदीप लोहारीवाला ने बताया कि कोलकाता में व्यवसायिक, सामाजिक और आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े संगठन और समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रेरणास्रोत हैं। उनकी शिक्षाएं सफलता को मूल्यों से जोड़ने की प्रेरणा देती है जिससे व्यक्ति को संतुलित, संतोषपूर्ण और जागरूकता से जीवन की राह मिलती हैं।

गुरु भक्त सुशील चौधरी ने बताया कि सिद्धगुरु श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुवर एक महान सिद्धगुरु है। जिन्होंने अपनी तपस्या, साधना से अनेक सिद्धियां प्राप्त की हुई है। राप्रोक्योर तथा ब्रह्मर्षि परिवार कोलकाता केन्द्र के संयुक्त निरीक्षण में आयोजित यह कार्यक्रम, एक सुनहरा अवसर होगा, जिसमे एक परमात्मीय अंश, एक युग पुरुष कोलकाता पधार रहें है।

# ‘मेरे बेटे को घर ले आइए’: पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में मौजूद बीएसएफ जवान के माता-पिता ने कहा



**हुगली :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम साहू के पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में होने की खबर आने के बाद से उनके (साहू के) पश्चिम बंगाल के रिसड़ा की संकरी गलियों में स्थित घर पर एक अजीब सी शांति पसरी है। परिवार के लोगों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं और वे ईश्वर से अपने बेटे के लौटने की दुआ कर रहे हैं। व्याकुल परिवार को बस यही आस है कि उनके घर का चिराग वापस आ जाए। जवान के पिता भोलानाथ साहू ने कहा, ‘मेरा बेटा देश की सेवा कर रहा था और अब हमें यह भी नहीं पता कि वह सुरक्षित है या नहीं। हमने सुना है कि वह पाकिस्तान की हिरासत में है।’ पड़ोसी साहू के पास आकर उन्हें सांत्वना देते हैं। उन्होंने कहा, ‘मैं बस यह जानना चाहता हूं कि मेरा बेटा कहां है। क्या वह सुरक्षित है? क्या वह ठीक है?’ पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में बीएसएफ की 182वीं बटालियन में तैनात पूर्णम साहू वर्दी में थे और उनके पास उनका सर्विस राइफल भी था। बुधवार को वह कथित तौर पर अनजाने में सीमा पार कर गए थे। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब साहू सीमा के पास किसानों के एक समूह की रक्षा के लिए उनके साथ थे। वह एक पेड़ के नीचे आराम करने के लिए चले गए और अनजाने में पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश कर गए। उन्हें तुरंत पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार रात को पुष्टि की कि साहू की रिहाई को लेकर बातचीत करने के लिए भारतीय और पाकिस्तानी सीमा बलों ने ‘फ्लैग मीटिंग’ की, लेकिन परिवार को इस बारे में कोई और जानकारी नहीं मिली। भोलानाथ ने थरथराती आवाज में कहा, ‘मेरा बेटा तीन हफ्ते पहले ही छुट्टी से लौटा था।’ उन्होंने कहा, ‘अब वह फिर से चला गया है और हमें नहीं पता कि आगे क्या होगा, वह कब घर वापस आएगा।’ अपने दो कमरों वाले संकरे घर में पूर्णम की पत्नी रजनी खबर मिलने के बाद से मुश्किल से ही बात कर पा रही हैं। उन्होंने दबे स्वर में कहा, ‘उन्होंने मुझे मंगलवार रात को फोन किया था।’ रजनी ने कहा, ‘वह आखिरी बार था जब मैंने उनकी आवाज सुनी थी।’ दंपति के सात वर्षीय बेटे को घर के भीतर ही रखा जा रहा है, उसे स्थिति की गंभीरता के बारे में पता नहीं है। रजनी ने रोते हुए पूछा, ‘मैं उस बच्चे को ये कैसे समझाऊं?’ उन्होंने कहा, ‘वह लगातार पूछता रहता है कि उसके पिता कब वापस आएंगे।’ परिवार को इस घटना के बारे में अधिकारियों से नहीं, बल्कि पूर्णम के एक सहकर्मी से पता चला। रजनी ने कहा, ‘बुधवार रात आठ बजे उनके एक दोस्त ने फोन किया और जो भी हुआ उसके बारे में हमें बताया।’ उन्होंने कहा, ‘तब से, हम सो नहीं पाए हैं। हम बस उन्हें वापस चाहते हैं।’ भोलानाथ ने उस दिन अपने बेटे को फोन करने की कोशिश को याद किया। उन्होंने कहा, ‘फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिला। मुझे लगा कि शायद वह व्यस्त होगा। लेकिन बाद में उसके दोस्त ने हमें बताया कि वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा था और एक पेड़ के नीचे आराम कर रहा था। तभी उन्होंने (पाकिस्तान रेंजर्स) उसे पकड़ लिया।’ यह घटना ऐसे समय में हुई जब पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव पहले से ही बढ़ा हुआ है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। साहू को पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा पकड़ने की घटना पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के ठीक एक दिन बाद हुई है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की आकस्मिक सीमा पार करने की घटना असामान्य नहीं है और आमतौर पर कूटनीतिक माध्यमों से इन्हें हल कर लिया जाता है। हालांकि, परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर डरा हुआ है। रजनी ने कहा, ‘हमारी सरकार से बस एक ही विनती है। उन्हें घर ले आइए। चाहे जो भी करना पड़े – बस उन्हें घर ले आइए।’

## सुपर न्यूमेरिक पोस्ट पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने हाई कोर्ट का किया रुख, 6 मई को होगी अगली सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने सुपर न्यूमेरी पोस्ट पर नियुक्ति की अनुमति के लिए कोलकाता हाई कोर्ट में आवेदन दिया है। शुक्रवार को यह मामला न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की अदालत में सुनवाई के लिए आया। एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने पुराने स्थगनादेश को रद्द करने की अपील करते हुए कोर्ट को बताया कि वर्तमान में नियुक्ति संभव नहीं है, क्योंकि 18 अप्रैल 2023 को हाई कोर्ट द्वारा जारी अंतरिम आदेश के कारण प्रक्रिया रुकी हुई है। न्यायमूर्ति बसु ने राज्य सरकार से स्पष्ट किया कि केवल मौखिक अपील स्वीकार्य नहीं है, इसके लिए औपचारिक आवेदन जरूरी है। अदालत ने यह भी पूछा कि राज्य ने सुप्रीम कोर्ट में सुपर न्यूमेरी पदों के बारे में क्या रुख अपनाया था और इन पदों की संख्या कितनी थी। इस पर राज्य सरकार ने जवाब दिया कि अगर हाई कोर्ट का पुराना आदेश रद्द होता है, तो वे नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य याचिकाकर्ता के वकील विकाश रंजन भट्टाचार्य ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने केवल सीबीआई जांच पर रोक लगाई थी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा में लगभग 78 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप है। इस पर न्यायमूर्ति बसु ने राज्य सरकार से पूछा कि इस विषय पर उनका क्या मत है। एजी ने जवाब में कहा कि वे इस पर हलफनामा दाखिल करना चाहेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा सुपर न्यूमेरी पोस्ट बनाने के कैबिनेट निर्णय पर पहले हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी और सीबीआई जांच का निर्देश भी दिया था। इस निर्णय के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां हाल ही में मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सीबीआई जांच संबंधी निर्देश को रद्द कर दिया। इसके बाद ही राज्य सरकार ने नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट का रुख किया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 मई को निर्धारित की गई है।

## पहलगाम हमले के खिलाफ वीएचपी ने कोलकाता में निकाला विरोध मार्च



**कोलकाता :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और वामपंथी दलों ने शुक्रवार को कोलकाता में अलग-अलग विरोध मार्च निकाला। पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने हमले के दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने दो रैलियां आयोजित कीं। जहां एक जुलूस सियालदह से शुरू हुआ, वहीं दूसरा कालेज स्क्वायर से शुरू होकर दोनों धर्मतल्ला में समा गया। दोपहर में रैलियों ने शहर के मध्य भाग को ठप कर दिया। वीएचपी कार्यकर्ता सैकत चंदा ने कहा, हम नरेन्द्र मोदी सरकार से आतंकवादियों और उनके आकाओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। उन्हें पकड़कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीडऩ को तत्काल समाप्त करने की भी मांग की।

## मिलावटी दूध मामले में 4 गिरफ्तार

❑ **गिरफ्तार आरोपियों में से 1 विधायक का करीबी**



**हुगली, समाज्ञा :** पोलबा थाना की पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए पोलबा थाना अंतर्गत हुसैनाबाद चौराहे पर स्थित संगम होटल के सामने एक ढाबे में छापा मारा। इस दौरान दूध में मिलावट करते हुए कुछ व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। मौके से एक दूध टैंकर और एक छोटी कार जब्त की गई तथा तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। जांच की दिशा में तेजी लाते हुए बाद में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, एक अन्य अभियुक्त बिप्लब सरकार को भी गिरफ्तार कर चुंचुड़ा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस का कहना है कि दूध में मिलावट जैसे गंभीर अपराध में शामिल सभी व्यक्तियों को चिन्हित कर कानूनी प्रक्रिया के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गिरफ्तार आरोपी में तृणमूल कांग्रेस के नेता बिप्लब सरकार को ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। बिप्लब सरकार को स्थानीय विधायक असित मजूमदार का करीबी माना जाता है। हुगली ग्रामीण पुलिस के डीएसपी डीएनटी प्रियव्रत बक्शी ने बताया कि इस मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद दूध के सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। डीएसपी बक्शी ने सख्त संदेश देते हुए कहा, ’चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसकी पहुंच कितनी भी बड़े सदस्य लोग से क्यों न हो यदि मामले में संलिप्त या दोषी पाया गया, तो उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कोलकाता में दोपहिया वाहन चोरी का भंडाफोड़, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता शहर में पिछले कुछ महीनों से लगातार दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे शहरवासियों में चिंता का माहौल बना हुआ था। इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए मोटो ट्रांसपोर्ट स्क्वाड (एमटीएस) और डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) के अधिकारी व जवान जांच में जुटे हुए थे। हालांकि शुरुआती चरण में तकनीकी सहायता लेने और सूत्रों को सक्रिय करने के बावजूद कोई त्वरित सफलता नहीं मिल सकी थी। इसके बावजूद एमटीएस और डीडी की टीम ने दिन-रात मेहनत जारी रखी और बिना किसी ढिलाई के संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। अंततः विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं को वैज्ञानिक साक्ष्यों से जोड़ते हुए और संदिग्धों की गतिविधियों का विश्लेषण करते हुए पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों की पहचान की। 15 अप्रैल 2025 को पुलिस ने स्वप्न मंडल (उम्र 50 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके बयान और पूछताछ के आधार पर उसके सहयोगी अरुण भुइयां (उम्र 34 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ के बाद और उनके द्वारा दिखाए गए स्थानों पर पुलिस ने कुल 10 चोरी की गई दोपहिया वाहन बरामद किए, जो कोलकाता के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों से संबंधित हैं। बरामद वाहनों को जिन मामलों से जोड़ा गया है, उनमें पर्णश्री, साउथ पोर्ट, बेहाला, वाटगंज, और तारातला थाना क्षेत्र शामिल हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय है एक ग्रे रंग की होंडा शाइन की बरामदगी, जिसे भी चोरी किया गया था। इन सभी वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है और मामले की जांच अभी भी प्रगति पर है। गिरफ्तार दोनों आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। इस सफलता के बाद पुलिस को उम्मीद है कि शहर में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

## सीडबल्यूबीटीए ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में कैंडल लाइट सभा




**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम में हुए निर्दोष नागरिकों की नृशंस, अमानवीय और बर्बर हत्या के विरोध में सीडबल्यूबीटीए की एपेक्स बॉडी द्वारा एक कैंडल-लाइट सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ समाज के कई वर्गों – जैसे चैंबर्स, लायंस क्लब, जैन समाज, अग्रवाल समाज, गुजराती समाज तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने एकजुट होकर भाग लिया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। डोरिना क्रॉसिंग पर शुक्रवार शाम आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत सरकार द्वारा इस नृशंस कृत्य के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। इस सभा में सीडबल्यूबीटीए की ओर से अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने अपने वक्तव्य पेशे किए। सभा में महासचिव सी.के. वरदराजन, उपाध्यक्ष राजेश भाटिया, प्रदीप लुहाड़िवाला, कोषाध्यक्ष जे.एल. बरडिया,चंद्रेश मेघानी समेत कई पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## राजीव बनर्जी ने हावड़ा जिला परिषद के मेंटर के रूप में पदभार संभाला



**हावड़ा :** पूर्व मंत्री राजीव बनर्जी ने शुक्रवार को हजारों तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ हावड़ा जिला परिषद के मेंटर के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे एक जुलूस के रूप में जिला परिषद पहुंचे। जहां पहले से ही कार्यकर्ता पार्टी ध्वज, फूलों की माला लेकर स्वागत के लिए उपस्थित थे। जैसे ही राजीव पहुंचे, कार्यकर्ताओं में जोश और उल्लास की लहर दौड़ गई। राजीव ने पदभार ग्रहण के बाद जिला परिषद की सभापति काबेरी दास और उपसभापति अजय भट्टाचार्य के साथ बैठक की। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे। जहां उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया और कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। इस बैठक के बाद राजीव बनर्जी ने कहा, हम सभी मिलकर टीम वर्क के रूप में काम करेंगे। हमारा उद्देश्य मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाना है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, केंद्र सरकार ने बदला लेने के लिए राज्य के 100 दिन के काम के परियोजनाओं समेत सभी विकास कार्यों का पैसा रोक दिया है। लेकिन इसके बावजूद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विकास को रोकने में वे सफल नहीं हो सके।

## पलवामा आतंकी हमले के विरोध में फूटा जन आक्रोश

❑ **हावड़ा में पाकिस्तान का झंडा और प्रधानमंत्री का जलाया गया पुतला**



**कोलकाता :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा उबाल पर है। इसी क्रम में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के ओरियापाड़ा मोड़ पर भाजपा समर्थकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के झंडे को लात मारते हुए आग के हवाले कर दिया और साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अब लोगों में पाकिस्तान के झंडे को देखने तक की इच्छा नहीं बची है और वे उसकी नृशंस हरकतों से बेहद आहत हैं। ‘पाकिस्तान मुर्दाबाद’ के नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान के झंडे और प्रधानमंत्री के पुतले को जलाकर लोगों ने स्पष्ट संदेश दिया कि देश अब चुप बैठने वाला नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निर्दोष लोगों की जान लेने वाले ऐसे आतंकी हमलों के पीछे पाकिस्तान की भूमिका स्पष्ट है और अब समय आ गया है कि उसे उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और पूरे इलाके में सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती करनी पड़ी।

## अगर पाकिस्तान से युद्ध हुआ तो सबसे पहले बंदूक लेकर मैं जाऊंगा : अर्जुन सिंह

**कोलकाता :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले की घटना के बाद रोष व तनातनी के बीच बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने कहा है कि यदि पाकिस्तान के साथ युद्ध होता है तो वह सबसे पहले बंदूक लेकर लड़ाई के जाने को तैयार हैं। बैरकपुर के पूर्व सांसद ने कहा- यदि इस देश का कानून और हमारे प्रधानमंत्री मुझे पाकिस्तान से युद्ध के लिए इजाजत देते हैं, तो मैं हथियार उठाने और पाकिस्तान के खिलाफ लडऩे के लिए तैयार होने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। आपको मालूम नहीं है कि हमारे परिवार के करीब 70 से 80 सदस्य देश की सेना व अर्धसैनिक बलों में काम कर रहे हैं। हम एक राष्ट्रवादी परिवार से हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कश्मीर में हिंदुओं की हत्या की गई है, पर्यटकों को बेरहमी से मारा गया है, अगर मुझे मौका मिला तो मैं पाकिस्तान को जला दूंगा।

## पहलगाम हमले के खिलाफ वाम दलों ने कोलकाता में मार्च निकाला



**कोलकाता :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाम मोर्चा ने कोलकाता में शुक्रवार को एक रैली का आयोजन किया। रैली में माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम, पूर्व मंत्री सूर्यकांत मिश्रा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), आरएसपी और फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह रैली कोलकाता के एस्प्लेनेड से शुरू हुई और शहर के मध्य भाग में स्थित सियालदह स्टेशन के पास समाप्त हुई। वामपंथी कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर इस हमले की निंदा की। पहलगाम के निकट बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। रैली में ‘सांप्रदायिकता और विभाजनकारी राजनीति’ का भी विरोध किया गया। माकपा ने कहा कि वह आतंकवाद से निपटने के लिए केंद्र सरकार की हर कार्रवाई का समर्थन करेगी। साथ ही यह भी कहा कि ‘कोई उग्र राष्ट्रवाद नहीं होना चाहिए।’

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच कोलकाता मंडल ने पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**कोलकाता :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के कोलकाता मंडल के सदस्यों ने बृहस्पतिवार की शाम जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि देने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस श्रद्धांजलि सभा में कोलकाता की बड़तल्ला मर्चेंट एसोसिएशन, मनसा माता भक्त मंडल, ह्यूमन राइट काउंसिल ऑफ इंडिया, श्री श्याम मिलन संघ, अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, जनसेवा भक्त मंडल बांधाघाट, श्री नारायणी मंगल पाठ समिति आदि संस्थाओं ने भाग लिया।श्रद्धांजलि सभा में इस कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। सदस्यों ने इसे मानवता के खिलाफ बताते हुए कहा कि आतंकवाद किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। सदस्यों ने मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया। सदस्यों ने कैंडल जलाकर शोक व्यक्त किया। साथ ही इसके लिए दोषी आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने केंद्र सरकार से पहलगाम में हुए हत्याकांड के आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। मारवाड़ी युवा मंच ने इस संवेदनशील वातावरण में सबसे एकजुट रहने का आव्हान भी किया।

## अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश करता है ब्रह्मलीन स्वामी विश्वदेवानंद महाराज का जीवन



**कोलकाता :** ब्रह्मलीन निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वदेवानंद महाराज का निर्वाण महोत्सव सत्संग भवन में शनिवार 26 अप्रैल को आस्था, भक्ति भाव से मनाया जायेगा। स्वामी विश्वदेवानंद महाराज का जीवन अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश करता है। उनके सिद्धांत वसुद्येव कुटुम्बकम् सिद्धांत पर आधारित है, जिसका तात्पर्य है विश्व ईश्वर की संरचना, एक परिवार है। इस सत्य के प्रति संकल्पित भाव से उन्होंने विश्व कल्याण फाउंडेशन की स्थापना की। हरिद्वार में कनखल स्थित श्रीयंत्र मन्दिर, राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी देवी स्वर्णकाली की प्रतिष्ठा ब्रह्मलीन विश्वदेवानंद महाराज ने की। सत्संग भवन, कोलकाता में धर्म, अध्यात्म, सनातन वैदिक संस्कृति के प्रति स्वामी विश्वदेवानंद महाराज ने सदैव भक्तों का मार्गदर्शन किया। उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना, सनातन वैदिक धर्म, संस्कृति को समझते हुए जीवन में पालन करना सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, आचार्य श्रीकान्त शास्त्री, संतोष रूंगटा, श्यामसुंदर धानुका, दीपक मिश्रा, सत्यनारायण भट्टड़, मुकेश शर्मा, प्रदीप आसोपा, ओम प्रकाश भरतिया, पवन तोदी, भागवताचार्य आकाश शर्मा ने धर्मानुरागी सामाजिक कार्यकर्ताओं से श्रद्धांजलि सभा, धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

## पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को मारवाड़ी सम्मेलन की श्रद्धांजलि, दोषियों को सजा की मांग



**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की स्मृति में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सम्मेलन कार्यालय भवन में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सम्मेलन के सदस्य और गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने कहा कि यह हमला एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या को देश कभी माफ नहीं करेगा और यह घटना सीधे देश की अस्मिता पर हमला है। पूरा राष्ट्र इस हिंसक घटना से मर्माहत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भारत सरकार से मांग की कि दोषियों की पहचान कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, जिससे भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न कर सके। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने दीपक एवं मोमबत्तियां जलाकर तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर मृतकों के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन, प्रदीप सिंघानिया, विश्वनाथ भुवालका, पवन बंसल, बुलाकी दास मीमानी, अनिल मलावत, सज्जन कुमार बेरिवाल, महेंद्र कुमार अग्रवाल, शिव कुमार बागला, सज्जन खंडेलवाल, सांवरमल शर्मा, महेश शाह, राम कुमार बिनानी, बुलाकी दास मिमाणी, विक्रम भुवालका, सिद्धांत जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बागुईआटी कांड में सनसनीखेज खुलासा

## प्रेमी के साथ रहने गई महिला की हत्या, ट्रॉली बैग में मिला शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम के बागुईआटी ट्रॉली कांड में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मृतका रिया धर ने अपने पति और बच्चे को छोड़कर प्रेमी कौशिक के साथ रहने के लिए बारासात गयी थी। कुछ समय तक दोनों बारासात के एक फ्लैट में साथ रहे, लेकिन जल्द ही उनके रिश्ते में दरार आ गई। पुलिस के अनुसार, लगातार झगड़े के बाद कौशिक ने रिया की पिटाई की और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को ट्रॉली बैग में भरकर ठिकाने लगाने की कोशिश की, ताकि सबूत मिटाया जा सके। घटना की शुरुआत मंगलवार को हुई जब देशबंधु नगर इलाके के एक सुनसान मैदान में स्थानीय लोगों को एक संदिग्ध काले रंग का ट्रॉली बैग पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब बैग खोला तो उसमें एक युवती का शव बरामद हुआ, जिसके मुंह पर ब्राउन सेलोटेप चिपका हुआ था। जांच में शव की पहचान मुर्शिदाबाद के नवग्राम निवासी रिया धर के रूप में हुई।

रिया के लापता होने की शिकायत पहले ही नवग्राम थाने में उसके पति द्वारा दर्ज कराई जा चुकी थी। जांच में पुलिस ने ऐप कैब के ड्राइवर से पूछताछ की, जिससे उन्हें आरोपी कौशिक तक पहुंचने में मदद मिली। पूछताछ में कौशिक ने हत्या की बात कबूल की। उसने बताया कि पकड़े जाने के डर से वह ट्रॉली बैग को बारासात से बागुईआटी लाया और फिर उसे खेत के पास नाले में फेंक दिया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि हत्या के पीछे कोई और वजह थी या इस साजिश में और भी लोग शामिल हैं।

## आईपीएल टी-20 के लिए कोलकाता में ब्लू लाइन मेट्रो की मध्यरात्रि विशेष सेवाएं




**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी घोषणा की है। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (कैब) और कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से की गई अपील के जवाब में, मेट्रो रेलवे 26 अप्रैल 2025 (शनिवार) को ईडन गार्डन्स में होने वाले आईपीएल टी-20 मैच के बाद ब्लू लाइन पर विशेष मध्यरात्रि मेट्रो सेवाएं संचालित करेगा। यह सुविधा कोलकाता और इसके आसपास के क्रिकेट प्रेमियों के लिए शुरू की जा रही है।

■ **महत्वपूर्ण जानकारी**

❑ **ब्लू लाइन पर विशेष सेवाएं:**

❍ अप दिशा (दक्षिणेश्वर की ओर): पहली विशेष ट्रेन एस्क्पलेनेड से रात 12:00 बजे प्रस्थान करेगी और दक्षिणेश्वर 00:33 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

❍ डाउन दिशा (कवि सुभाष की ओर): दूसरी विशेष ट्रेन एस्कप्लेनेड से रात 12:00 बजे प्रस्थान करेगी और कवि सुभाष 00:33 बजे पहुंचेगी। यह भी सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

❍ टिकट बुकिंग केवल एस्कप्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर उपलब्ध होगी, जहां स्मार्ट कार्ड, टोकन और पेपर-आधारित टठ टिकट बेचे जाएंगे।

इन विशेष सेवाओं के लिए सामान्य किराए के साथ प्रति टिकट 10 रुपये का अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

❑ **ग्रीन लाइन-2 पर कोई विशेष सेवा नहीं:**

❍ मैच के बाद ग्रीन लाइन-2 पर कोई विशेष मेट्रो सेवा नहीं चलेगी, क्योंकि पूरे ग्रीन लाइन मार्ग पर यातायात अवरोध के कारण यह संभव नहीं होगा।

यह पहल मेट्रो रेलवे और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहयोग से की जा रही है, ताकि मैच के बाद क्रिकेट प्रेमी सुरक्षित और सुविध-ाजनक तरीके से अपने घर पहुंच सकें। यात्रियों से अनुरोध है कि वे समय का ध्यान रखें और निर्धारित शुल्क का भुगतान करें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान: तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों सहित तीन नाबालिगों की मौत

**धौलपुर :** राजस्थान के धौलपुर जिले में शुक्रवार दोपहर एक तालाब में नहाने गये दो सगे भाइयों सहित तीन नाबालिगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि समरथपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार अपराह्न करीब डेढ़ बजे यह हादसा हुआ। थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि शेरपाडा इलाके के एक ही परिवार के तीन नाबालिग धौलपुर-करौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मोतियापुर पुल के नीचे बने एक तालाब में नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि नहाने के दौरान तीनों लड़के गहरे पानी में डूब गए। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने परिजनों की मदद से तीनों को बाहर निकाला और सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पटना में अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को एक अदालत परिसर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक ई-मेल ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को सकते में डाल दिया। हालांकि, घटनास्थल पर पुलिस टीम का नेतृत्व करने वाली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीक्षा ने कहा कि ई-मेल फर्जी लग रहा है, और भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, 'जिला न्यायाधीश के चैंबर के पास आरडीएक्स बम लगाए जाने का दावा करने वाला ई-मेल पटना दीवानी अदालत को मिला है।' उन्होंने कहा, 'सूचना मिलने पर हमने एटीएस और बम निरोधक दस्ते को बुलाया। परिसर में कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।' अधिकारी ने कहा, 'ई-मेल के फर्जी होने की पूरी संभावना है। हम भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।'

### उत्तर प्रदेश की 21 जेलों से इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए शत प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण

**प्रयागराज (उप्र) :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की इंटरमीडिएट परीक्षा में राज्य की 21 जेलों से शामिल शत प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण हुए हैं। बोर्ड द्वारा जारी सूची में यह जानकारी दी गई। सूची के मुताबिक, सबसे अधिक 17 कैदी आगरा जेल से इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुए और वे सभी उत्तीर्ण हुए। इसी तरह, लखनऊ जेल से आठ कैदी परीक्षा में शामिल हुए और वे सभी उत्तीर्ण हुए। रामपुर से पांच और बरेली जेलों से नौ कैदी इस परीक्षा में शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण हुए हैं।

# यूपी बोर्डः हाईस्कूल की परीक्षा में 93.87 प्रतिशत छात्राएं, 86.66 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

### 12वीं की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली महक ने बिना कोचिंग यह उपलब्धि हासिल की



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की 12वीं कक्षा की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाली प्रयागराज की महक जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि उसने किसी भी शैक्षिक संस्थान से कोचिंग नहीं ली। प्रयागराज के भुलई स्थित बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज की छात्रा महक जायसवाल ने संवाददाताओं को बताया, मैंने घर पर ही पढ़ाई की और ऑफलाइन या ऑनलाइन कोई कोचिंग नहीं ली। जो भी स्कूल में पढ़ाया गया, वही पढ़ाई की। उन्होंने कहा, मैंने प्रतिदिन नौ से 10 घंटे पढ़ाई की और मेरा सपना चिकित्सक बनने का है। मैं अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी दीदी, परिवार के लोगों और गुरुजनों को देती हूं।

### यूपी बोर्ड-इंटरमीडिएट परीक्षा में 86 फीसदी बालिकाएं, 76.60 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत, बालकों के मुकाबले 9.77 प्रतिशत अधिक रहा। यहां उप्र बोर्ड मुख्यालय में इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणामों की घोषणा करते हुए शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डाक्टर महेंद्र देव ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 13,87,263 बालक सम्मिलित हुए। इनमें से 10,62,616 छात्र उत्तीर्ण हुए और इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 76.60 रहा। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 12,11,297 बालिकाएं शामिल हुईं जिसमें से 10,46,158 बालिकाएं उत्तीर्ण हुईं और इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 86.37 रहा। इस तरह से संपूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत, बालकों की तुलना में 9.77 प्रतिशत अधिक है। देव ने बताया कि उप्र बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 25,98,560 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें संपूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 रहा।



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल की परीक्षा में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.87 रहा जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.66 दर्ज किया गया। परीक्षा में 13,27,024 छात्र और 12,18,791 छात्राएं शामिल हुईं थीं। यहां यूपी बोर्ड मुख्यालय में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणामों की घोषणा करते हुए शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डाक्टर महेंद्र देव ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल 13,27,024 छात्रों में से 11,49,984 छात्र उत्तीर्ण हुए। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86,66 रहा। उन्होंने बताया कि वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल 12,18,791 छात्राओं में से 11,44,138 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.87 रहा। इस प्रकार से संपूर्ण परीक्षार्थियों में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत, छात्राओं के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.21 अधिक है।

### बहराइच में चावल मिल में धुएं के कारण दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत, योगी ने शोक जताया



**बहराइच (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में दरगाह थाना क्षेत्र स्थित एक चावल मिल में उठे धुएं के कारण दम घुटने से शुक्रवार की सुबह पांच मजदूरों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य मजदूर अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार, राजगढ़िया चावल मिल के 'ड्रायर' में नमी आने के कारण धुआं उठने पर कुछ मजदूर निरीक्षण करने वहां पहुंचे लेकिन धुआं इतना अधिक था कि वे वहीं बेहोश हो गये। उन्होंने बताया कि अग्निशमन के दल ने वहां पहुंचकर मजदूरों को बाहर निकाला। कुशवाहा ने बताया कि उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने पांच मजदूरों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन अन्य मजदूरों का इलाज किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉक्टर एम. एम. त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल में पांच लोग मृत अवस्था में लाये गये, जबकि तीन का इलाज जारी है। राजगढ़िया राइस मिल के निदेशक विनोद अग्रवाल ने बताया राइस मिल में लगा ड्रायर धान की नमी को सुखाने के काम आता है। यह बड़ा और ऊंचा तथा पूर्णत: स्वचालित संयंत्र है, जिसमें किसी आदमी को जाने की आवश्यकता नहीं होती। गैस और आग का भी वहां कोई इस्तेमाल नहीं होता, भाप से हवा गर्म कर धान की नमी को निकाला जाता है।'

### उत्तर प्रदेशः अटल पेंशन योजना के लिए 1.20 करोड़ लोगों ने किया नामांकन

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए अब तक 1.20 करोड़ लोगों ने नामांकन किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में योजना के लिए नामांकन देश के अन्य राज्यों के मुकाबले कहीं ज्यादा हुए हैं। एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विजन' को मिशन मोड में लागू करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अटल पेंशन योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया है। बयान के मुताबिक, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में योजना का प्रचार-प्रसार किया गया और बैंकों व अन्य समितियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया। बयान में बताया गया कि कुल आठ प्रमुख बैंकों सहित कुल 60 हितधारकों के जरिए अटल पेंशन योजना को संचालित किया जा रहा है। बयान के मुताबिक, जिन जिलों में सबसे ज्यादा नामांकन हुए उनमें प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, फतेहपुर और कानपुर नगर जैसे जिले शामिल हैं। अटल पेंशन योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के 18 से 40 वर्ष के भारतीय नागरिक मासिक, त्रैमासिक या अर्धवार्षिक आधार पर छोटी राशि जमा करा सकते हैं और यह राशि उनके बैंक खाते से स्वचालित रूप से जमा होती है।

### मुख्यमंत्री योगी ने मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की आवश्यकता जताई



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसा शिक्षा में बड़े बदलाव पर जोर दिया और मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की आवश्यकता जताई। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की मदरसा शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मदरसा, महज मजहबी शिक्षा के केंद्र बनकर न रह जाएं। वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के सभी आयामों का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि मदरसा शिक्षा को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक बनाया जाना चाहिए ताकि हर एक विद्यार्थी का भविष्य उज्ज्वल हो और यह सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुधार नहीं बल्कि नवाचार और समावेशिता के माध्यम से मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। योगी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा मदरसा बोर्ड की कामिल (स्नातक) व फाजिल (परास्नातक) स्तर की उपाधियों को असंवैधानिक घोषित कर दिये जाने से चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप मदरसों के पाठ्यक्रम में बदलाव और पाठयक्रम के अनुरूप शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों की अर्हता में परिवर्तन आवश्यक हो गया है।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने की संभावना



**जयपुर :** राजस्थान के अधिकतर भाग भीषण गर्मी की चपेट में है और यह दौर अभी जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों में राज्य के अनेक हिस्से लू की चपेट में रहेंगे। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार शुक्रवार सुबह तक के चौबीस घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा तथा जयपुर व जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं लू का प्रकोप देखा गया। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक है। राज्य में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान बाड़मेर में 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अनुसार आगामी 2-3 दिन में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है। 25 से 30 अप्रैल को राज्य के पश्चिमी व उत्तरी भागों में कहीं-कहीं लू चल सकती है।

### संभल में काली पट्टी बांध कर नमाज अदा करने पहुंचे नमाजी, पाकिस्तान के विरोध में लगाए नारे



**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले और चंदौसी की कई मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने नमाजी काली पट्टी बांधकर पहुंचे और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाजियों ने पोस्टर लेकर पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। कश्मीर के पहलगाम शहर के बैसरन में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी, जिसमें से अधिकतर पर्यटक थे। संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज पढ़ कर निकले साकिर हुसैन ने कहा, जिन निहत्थे लोगों के साथ यह जुल्म हुआ और हमारी बहनों का सुहाग उजाड़ दिया गया, बेहद ही दुखद घटना है। उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, आतंकवादियों और उनके आकाओं को सबक सिखाने का यह सही समय है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इन आतंकवादियों को ऐसा सबक मिले कि नस्ले भी याद रखें।

### बिहार पुलिस ने 2024 के नीट पेपर लीक मामले के 'मास्टरमाइंड' को पटना से गिरफ्तार किया



**पटना :** बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट (यूजी)-2024 पेपर लीक मामले के कथित 'मास्टरमाइंड' संजीव कुमार सिंह को राज्य की राजधानी से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नालंदा के एक सरकारी कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर तैनात सिंह उर्फ संजीव मुखिया पर तीन लाख रुपये का इनाम था। ईओयू के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) नैयर हसनैन खान ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'मुखिया को ईओयू एवं जिला पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात एक अपार्टमेंट से संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया।' खान ने बताया, 'विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।' उन्होंने कहा, 'मार्च 2024 में आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के पेपर लीक मामले में भी संलिप्तता को लेकर उसकी तलाश थी। मुखिया से ईओयू और सीबीआई के अधिकारी संयुक्त रूप से पूछताछ कर रहे हैं।' नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुखिया के गिरोह का बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में व्यापक नेटवर्क है। यह गिरोह हरियाणा पशु चिकित्सक भर्ती परीक्षा, हरियाणा अंग्रेजी शिक्षक भर्ती परीक्षा और उत्तर प्रदेश में आयोजित कई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक में भी कथित तौर पर शामिल था।

## समाज्ञा व्यापार

# एक्सिस बैंक में बिकवाली, भारत-पाक तनाव से शेयर बाजार गिरा, सेंसेक्स 589 अंक टूटा



**मुंबई :** एक्सिस बैंक में बिकवाली और भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में खासी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 588.90 अंक यानी 0.74 प्रतिशत टूटकर 79,212.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,195.62 अंक टूटकर 78,605.81 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सूचकांक निफ्टी में दूसरे दिन भी गिरावट जारी रही और यह 207.35 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 24,039.35 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव की चिंताओं ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। आईटी सूचकांक को छोड़कर सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। मुनाफावसूली के कारण मिडकैप सूचकांक और स्मॉलकैप सूचकांक में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों ने सतर्क धारणा बना ली है। ऊंचे मूल्यांकन और तिमाही नतीजों की सुस्त शुरुआत के चलते मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई।' सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, इटरनल (जोमैटो), बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, मारुति, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और एनटीपीसी में सबसे अधिक गिरावट हुई। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय गर्ग ने कहा कि शुक्रवार को निफ्टी के उच्च स्तर पर खुलने के बावजूद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के कारण सूचकांक में गिरावट देखी गई। गर्ग ने कहा, 'भू-राजनीतिक तनाव के साथ ही निवेशकों के मुनाफावसूली करने से भी बाजार में गिरावट बढ़ी।'

### पहलगाम हमले के विरोध में व्यापारियों के 'बंद' के कारण दिल्ली में 900 से अधिक बाजार बंद



**नयी दिल्ली :** कनॉट प्लेस, सदर बाजार और चांदनी चौक जैसे दिल्ली के मशहूर 'शॉपिंग हब' समेत 900 से ज्यादा बाजार शुक्रवार को वीरान नजर आए, क्योंकि व्यापारियों ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में 'दिल्ली बंद' का आह्वान किया था। कपड़ा, मसाले, बर्तन और सर्राफा जैसे क्षेत्रों के विभिन्न व्यापारी संघों ने भी अपनी दुकानें बंद रखीं। बाजार संघ ने एक बयान में कहा कि आम तौर पर खरीदारों से गुलजार रहने वाले सदर बाजार में सन्नाटा रहा, यहां तक कि सब्जी और फल विक्रेता भी नहीं आए। एशिया के सबसे बड़े थोक कपड़ा परिधान बाजार गांधीनगर में भी पूरी तरह से तालाबंदी रही। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के अनुसार, दिल्ली में आठ लाख से अधिक दुकानें बंद रहीं, जिसके परिणामस्वरूप दिन भर में लगभग 1,500 करोड़ रुपये का व्यापार घाटा हुआ। 'चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री' (सीटीआई) ने बृहस्पतिवार को बंद का आह्वान किया था। सीटीआई ने हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए कनॉट प्लेस में कैंडल मार्च भी निकाला था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। सीटीआई के प्रमुख बृजेश गोयल ने शुक्रवार को कहा, 'यह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है, यह आतंकवाद के खिलाफ एक सामूहिक रुख है। हम सभी इस लड़ाई में एकजुट हैं और पहलगाम में जान गंवाने वालों की याद में बंद का आयोजन कर रहे हैं।' गोयल ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी वाणिज्यिक संबंध खत्म करने और भारत में पाकिस्तानी उत्पादों का बहिष्कार करने की भी अपील की। दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित बाजारों में से एक कनॉट प्लेस भी इस दौरान बंद रहा। कोचिंग सेंटरों का प्रमुख केंद्र मुखर्जी नगर भी बंद रहा।

### एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की

**नयी दिल्ली :** आवास ऋण देने वाली कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने अपनी ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की शुक्रवार को घोषणा की। भारतीय रिजर्व बैंक के हाल में नीतिगत दर में कटौती के बाद यह कदम उठाया गया है। एलआईसी की अनुषंगी कंपनी ने बयान में कहा, एलआईसी हाउसिंग प्राइम लेंडिंग रेट (एलएचपीएलआर) में इस कटौती से मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को लाभ होगा क्योंकि इससे आवास ऋण अधिक किफायती हो जाएगा।

### विलय के बाद जियोस्टार का राजस्व 10,006 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नयी दिल्ली :** रिलायंस के मीडिया कारोबार और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने शुक्रवार को 774 करोड़ रुपये की कर-पूर्व कमाई के साथ 10,006 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के आय विवरण के अनुसार, जियोहॉटस्टार ने पांच सप्ताह के भीतर भुगतान वाले 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया। जियोहॉटस्टार को 14 फरवरी, 2025 को दो प्रमुख ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों- जियोसिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के विलय के बाद लाया गया था। कंपनी ने कहा, जियो हॉटस्टार ने मार्च, 2025 में 50.3 करोड़ एमएयू (मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता) को सेवा प्रदान की, जो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, आईपीएल जैसे प्रमुख खेल आयोजनों और 3.20 लाख घंटों से अधिक की भारत की सबसे बड़ी डिजिटल सामग्री संग्रह द्वारा संचालित है।

# देश में सोने की कीमतों में उछाल से महिलाओं की चिंता बढ़ी



**नयी दिल्ली :** देश में सोने की कीमत ने ऐतिहासिक ऊंचाई छूते हुए प्रति दस ग्राम एक लाख रुपये का आकंड़ा पार कर लिया है। सोने के दाम में इस अभूतपूर्व वृद्धि ने न केवल बाजार को चौंकाया है बल्कि आम लोगों की जेब पर भी गहरा असर डाला है और शादियों के सीजन में महिलाओं की चिंता बढ़ा दी है। अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम में जब सोने की खरीदारी हर भारतीय घर की प्राथमिकता होती है, ऐसे समय में इस कीमती धातु की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल ने मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका दिया है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना इस सप्ताह मंगलवार को 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उत्तर प्रदेश के नोएडा की रुपा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, नवंबर में बेटी की शादी है और अचानक सोने के दाम इतने बढ़ गए है कि कुछ समझ ही नहीं आ रहा है। अब शादी के लिए सोने की खरीदारी कैसे होगी? त्योहारों और पारिवारिक आयोजनों में गहनों की खरीद महिलाओं की प्राथमिकता में शामिल रही है। बढ़ती कीमतों के बावजूद कई महिलाएं मानती हैं कि बिना सोने के गहनों के, ऐसे मौके अधूरे लगते हैं। दिल्ली के मयूर विहार की सुशीला देवी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, दाम चाहे जितने भी हों, थोड़ा बहुत तो खरीदना ही है। तीज-त्योहार या शादी में सोना न लें तो लगता है कि कुछ अधूरा रह गया है। बस, बात इतनी सी है कि पहले 10 ग्राम लेते थे, अब पांच ग्राम लेंगे।' बीते वर्ष दिसंबर से सोना अबतक लगभग 22,650 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी करीब 29 प्रतिशत महंगा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि रिटर्न के हिसाब से सोने का प्रदर्शन शेयर और बॉन्ड दोनों से बेहतर रहा है। दिल्ली के ही पालम में रहने वाली साधना कथूरिया कहती हैं 'अपने पति की मौत के बाद मैंने नौकरी की और अपने दो बच्चों का पालन पोषण किया। बेटी की शादी पिछले साल हुई। मेरे दामाद कनाडा में हैं, बेटी को भी वहीं काम मिल गया। अब बेटे की शादी नवंबर में है। कनाडा में 22 कैरेट सोना करीब 86000 रुपये प्रति दस ग्राम है। सोच रही हूं कि बेटी दामाद को पैसे भेज कर बहू के लिए कनाडा से कुछ मंगा लूं।'

### वायदा बाजार में सोने के भाव में 839 रुपये की गिरावट

**नयी दिल्ली :** कमजोर हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में सोने का भाव शुक्रवार को 839 रुपये की गिरावट के साथ 95,073 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में जून आपूर्ति वाले सोने का भाव 839 रुपये यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95,073 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 18,007 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### ईएसआई योजना के तहत फरवरी में हुए 15.43 लाख नए पंजीकरण

**नयी दिल्ली :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के तहत फरवरी में कुल 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, फरवरी 2025 के दौरान ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में 23,526 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। ईएसआईसी के अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चला है कि फरवरी 2025 में 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। नए पंजीकरण में 25 वर्ष की आयु तक के 47.7 प्रतिशत या 7.36 लाख कर्मचारी हैं।

# भाई को भाई से लड़ाना था पहलगाम हमले का मंसूबा, आतंकवाद को हराने के लिए सभी एकजुट हों: राहुल



**श्रीनगर :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे का मंसूबा देशवासियों के बीच खाई पैदा करने और एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाने का था, ऐसे में जरूरी है कि आतंकवाद को पराजित करने के लिए सभी एकजुट हों। कांग्रेस नेता ने हमले में घायल हुए कुछ लोगों का हाल जाना और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला तथा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात कर इस आतंकी हमले के बारे में चर्चा की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा, ''पहलगाम में हुआ दुस्साहसी आतंकी हमला एक भयावह त्रासदी है। यह एक भयावह त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं।'' उनका कहना था, ''मैं घायलों में से एक से मिला हूं, अन्य से इसलिए नहीं मिल पाया, क्योंकि वे यहां से जा चुके हैं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।'' राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक का हवाला देते हुए कहा, ''कल हमने सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की। इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है।''

## पहलगाम के पीड़ितों के सम्मान में कांग्रेस का मोमबत्ती जुलूस, दिल्ली में राहुल ने की अगुवाई



कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के सम्मान और आतंकवाद के विरोध में शुक्रवार शाम देश के विभिन्न राज्यों में मोमबत्ती जुलूस निकाला। दिल्ली में इस जुलूस का नेतृत्व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया। कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस पर इस मार्च में व्यवधान डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह संकट की घड़ी में एकजुटता के विचारों के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की खोखली प्रतिबद्धता का परिचायक है।

## पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले दूसरे व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया गया

**विशाखापत्तनम :** दोस्तों, रिश्तेदारों, परिवार के सदस्य, पार्टी लाइनों ऊपर उठ कर राजनेताओं एवं अन्य ने शुक्रवार को जेसी चंद्रमौली के अंतिम संस्कार में भाग लिया। चंद्रमौली हाल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की गोली से मरने वाले 26 पर्यटकों में से एक थे। आंध्र प्रदेश के दो पर्यटकों - चंद्रमौली और एस मधुसुदन - 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में मारे गए थे। चंद्रमौली के एक रिश्तेदार नागेश्वर राव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''उसका दाह संस्कार बंदरगाह शहर में कॉन्वेंट जंक्शन के पास दोपहर एक बजे हुआ।'' राव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव ने चंद्रमौली की अर्थी को कुछ समय के लिये कांधा दिया । राज्य के गृह मंत्री वंगलपुड़ी अनीता ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

## भाजपा उम्मीदवार राजा इकबाल दिल्ली के नये महापौर, जयभगवान यादव उपमहापौर चुने गये



**नयी दिल्ली :** भाजपा उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह शुक्रवार को दिल्ली के नए महापौर चुने गए। इसके साथ ही भाजपा दो साल बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सत्ता में लौट आयी। इकबाल ने 142 में से 133 वोट हासिल कर नांगलोई वार्ड-47 से पार्षद मनदीप सिंह को हराया। सांसद मनोज तिवारी की अनुप-स्थिति और एक वोट अवैध घोषित होने के कारण भाजपा को दो वोट गंवाने पड़े। कांग्रेस को कुल आठ वोट मिले, जबकि आप ने सोमवार को चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। इकबाल सिंह ने कहा, ''हम एक महीने के भीतर स्थायी समिति गठित करने की कोशिश करेंगे और दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो। हमारी प्राथमिकताओं में पार्कों को हरा-भरा बनाना, भ्रष्टाचार और प्रदूषण पर लगाम लगाना तथा 'यूजर चार्ज' तुरंत खत्म करना शामिल है।'' उन्होंने कहा कि पार्टी शिक्षकों को ''प्रेरित'' करेगी, छात्रों की पोशाक के लिए धन उपलब्ध कराएगी और स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार करेगी। इकबाल ने कांग्रेस उम्मीदवार मंदीप सिंह को हराया। आम आदमी पार्टी (आप) ने महापौर चुनाव का बहिष्कार किया। महापौर के परिणाम घोषित होने के साथ ही उप महापौर पद के लिए दूसरे चरण का मतदान होने की उम्मीद थी। हालांकि, कांग्रेस उम्मीदवार अरीबा खान ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे भाजपा के जयभगवान यादव के निर्विरोध उप महापौर चुने जाने का रास्ता साफ हो गया। राजा इकबाल एमसीडी में विपक्ष के नेता थे और वह विगत में उत्तरी एमसीडी के महापौर रह चुके हैं। इकबाल की जीत के बाद भाजपा पार्षदों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। राजा

## न्यूज इन ब्रीफ

### अमृतसर में 4.5 किलोग्राम आरडीएक्स और हथियार बरामद

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को अमृतसर के एक गांव से 4.5 किलोग्राम आरडीएक्स समेत हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह बरामदगी तलाशी अभियान के दौरान की गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पंजाब पुलिस और बीएसएफ द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान अमृतसर के साहोवाल गांव के एक खेत से दो पैकेट बरामद किए गए। इन पैकेट को खोलने पर नौ एमएम की चार पिस्तौल, पांच हथगोले, आठ मैगजीन, 220 राउंड, दो रिमोट कंट्रोल और एक बैटरी चार्जर मिला। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने 4.50 किलोग्राम आरडीएक्स भी बरामद किया।

### एनआईए की टीम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पुणे के व्यक्ति के घर गयी

**पुणे :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मार डाले गए 26 लोगों में शामिल पुणे निवासी संतोष जगदाले के घर का शुक्रवार को दौरा किया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दिये बिना बताया कि एनआईए की चार सदस्यीय टीम जगदाले के कार्वेनगर स्थित घर पहुंची और उनके परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। एनआईए 22 अप्रैल के नरसंहार की जांच कर रही जम्मू कश्मीर पुलिस को सहायता प्रदान कर रही है।

### पुणे: पाकिस्तान के 111 नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए

**पुणे :** पुणे जिला प्रशासन ने जिले में रह रहे 111 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की है और उन्हें 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले उपरांत पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी प्रकार का वीजा निलंबित किए जाने की पृष्ठभूमि में यह कार्रवाई की गई है। हालांकि, चिकित्सा वीजाधारकों के लिए यह अवधि दो दिन अधिक होगी। जिलाधिकारी जितेंद्र डूडी ने पत्रकारों को बताया कि वीजा जारी करने वाले अधिकारियों और पासपोर्ट कार्यालय से पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

### दार्जिलिंग की पहाड़ियों में टॉय ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा, कोई हताहत नहीं

सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) : दार्जिलिंग जिले के सुकना के निकट शुक्रवार को दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे टॉय ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया। रेलवे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चालक या उसके सहायक को किसी प्रकार की चोट आने की कोई सूचना नहीं है।

## पहलगाम हमले में पर्यटकों को बचाते वक्त मारे गए आदिल के परिवार को पांच लाख रुपये की सहायता : शिंदे



**ठाणे :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आतंकवादी हमले में पर्यटकों की जान बचाने का प्रयास करने वाले सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। खच्चर सेवा मुहैया कराने वाले शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दौरान पर्यटकों को बचाते हुए अपनी जान दे दी। वह अपने परिवार में कमाने वाले एकमात्र सदस्य थे। शाह दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में पर्यटकों को खच्चर की सवारी कराकर अपनी आजीविका चलाते थे, जहां 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक 20 वर्षीय शाह ने उसके घोड़े पर यात्रा कर रहे एक पर्यटक को बचाने की कोशिश की और यहां तक कि एक आतंकवादी से उसकी राइफल छीनने का भी प्रयास किया। शिंदे के ठाणे स्थित कार्यालय से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक उपमुख्यमंत्री ने शाह के साहसिक कार्य से प्रभावित होकर उनके परिवार को सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया।

## रेलवे का बुनियादी ढ़ांचा और कश्मीरी पंडित आतंकियों के निशाने पर, सुरक्षा बल अलर्ट : अधिकारी

**श्रीनगर :** आतंकवादियों द्वारा रेलवे के बुनियादी ढांचे, कश्मीरी पंडितों और घाटी में काम करने वाले गैर स्थानीय लोगों पर हमले की सक्रिय रूप से योजना बनाने की सूचना के बाद सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के बाद ये सूचनाएं प्राप्त हुई थीं। मंगलवार, 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पर्यटन केंद्र पहलगाम के निकट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी से पता चलता है कि आतंकवादी आने वाले दिनों में गैर स्थानीय लोगों, कश्मीरी पंडितों और सुरक्षा कर्मियों पर हमले की सक्रिय रूप से योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे का बुनियादी ढांचा एक संवेदनशील लक्ष्य बना हुआ है, क्योंकि घाटी में कई रेलवे कर्मचारी गैर-स्थानीय हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा कर्मी अक्सर अपनी बैरक से बाहर निकलकर स्थानीय बाजारों में घूमते रहते हैं। उनसे ऐसा करने से परहेज करने को कहा गया है, क्योंकि यह उनकी सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि इन कर्मियों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभाव से ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने की चेतावनी दी गई है। यह चेतावनी दी गई है कि पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई श्रीनगर और गांदरबल जिलों में कश्मीर पंडितों और पुलिस कर्मियों पर लक्षित हमले करने की योजना बना रही है। सुरक्षा बल तुरंत कार्रवाई में जुट गए हैं और यह आदेश दिया गया है कि आतंकवादियों द्वारा रेलवे परियोजनाओं को नुकसान पहुंचाने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय करके आरपीएफ द्वारा सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जाएं।

## राजस्थान में 2022 में विस्फोटक बरामदगी मामले में वांछित आरोपी को एनआईए ने गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले से विस्फोटकों की बरामदगी से संबंधित 2022 के मामले में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मध्य प्रदेश के रतलाम जिले का निवासी फिरोज खान इस मामले में गिरफ्तार 11वां आरोपी है। फिरोज को बृहस्पतिवार को मध्य प्रदेश के अधिकारियों ने जयपुर स्थित एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया।

## पाकिस्तान का 'बचाव' करने के आरोप में असम के विधायक को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा



**नगांव (असम) :** असम में विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के विधायक अमीनुल इस्लाम को शुक्रवार को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। उन पर पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान और उसकी संलिप्तता का बचाव करने का आरोप है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगांव के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोनोश्रीपूर्णा खोंड ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इस्लाम को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से 'भ्रामक और भड़काऊ' बयान दिए थे। नगांव सदर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा था कि विधायक एक वीडियो में पाकिस्तान और हमले में उसकी संलिप्तता का बचाव करते नजर आए थे। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने एक वीडियो देखा है जिसमें विधायक पाकिस्तान और हमले में उसकी संलिप्तता का बचाव कर रहे हैं। मैंने पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था और तदनुसार, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने मुझे सूचित किया है कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।''

## आलिया कांकरिया स्क्वाश में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की पहली विजेता बानी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की 10 वर्षीय आलिया कांकरिया ने स्क्वाश की दुनिया में इतिहास रच दिया है। अंडर-11 वर्ग में वह राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन बनी हैं और किसी भी आयु वर्ग में यह खिताब जीतने वाली पश्चिम बंगाल की पहली लड़की बन गई हैं।आलिया ने मात्र 6 वर्ष की उम्र में स्क्वाश खेलना शुरू किया था। बीते दो वर्षों में कोच संदीप यादव के कुशल मार्गदर्शन और परिवार के पूर्ण सहयोग से उन्होंने अपने खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। कोलकाता स्थित आरपीजी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा आलिया को स्कूल की ओर से भी हरसंभव समर्थन मिला है।देशभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्होंने बहुमूल्य अनुभव अर्जित किया। दिसंबर 2024 में स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में आयोजित स्कॉटिश जूनियर ओपन में उन्होंने पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया और अमेरिका व यूके की शीर्ष खिलाड़ियों को हराकर रनर-अप रहीं। जनवरी 2025 में बर्मिंघम में आयोजित प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन में उन्होंने अमेरिका, चीन और मलेशिया की शीर्ष खिलाड़ियों को हराकर नौवां स्थान प्राप्त किया।सबसे बड़ी उपलब्धि 20 अप्रैल 2025 को सामने आई जब उन्होंने एसआरएएफ-टीकेएल इंटरनेशनल जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप (कुआलालंपुर) में भाग लेकर मौजूदा एशिया नंबर वन मलेशियाई खिलाड़ी को फाइनल में हराते हुए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता।यह आलिया के सफर की सिर्फ शुरुआत है। उनकी लगन, मेहनत और उपलब्धियों ने उन्हें स्क्वाश की दुनिया में एक चमकता सितारा बना दिया है। भविष्य में आलिया से और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही है।

## पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर अरिजीत सिंह ने चेन्नई का संगीत कार्यक्रम रद्द किया



**नयी दिल्ली :** मशहूर गायक अरिजीत सिंह ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर चेन्नई में होने वाले अपने आगामी संगीत कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। संगीतकार ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर बृहस्पतिवार को एक बयान साझा कर कहा कि चेन्नई में रविवार को उनका प्रस्तावित संगीत कार्यक्रम नहीं होगा। बयान में कहा गया, ''हाल की दुखद घटना के मद्देनजर आयोजकों और कलाकारों ने इस रविवार 27 अप्रैल को चेन्नई में होने वाले आगामी कार्यक्रम को सामूहिक रूप से रद्द करने का निर्णय लिया है।'' इसमें कहा गया, ''कार्यक्रम की टिकट खरीद चुके लोगों को उनका पूरा पैसा वापस मिल जाएगा। उन्होंने जिस तरह से पैसे का भुगतान किया था उन्हें उसी तरह पुनर्भुगतान किया जाएगा।'' दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इससे पहले, संगीतकार और गायक अनिरुद्ध रविचंदर ने घोषणा की थी कि एक जून को बेंगलुरु में होने वाले उनके संगीत कार्यक्रम के लिए टिकट की बिक्री स्थगित कर दी गई है।

## बेंगलुरु हवाई अड्डा कार्बन उत्सर्जन में लेवल-5 वाला एशिया का पहला हवाई अड्डा बना

**बेंगलुरु :** केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विमानक्षेत्र परिषद (एसीआई) एशिया-प्रशांत और पश्चिम एशिया क्षेत्रीय महासभा में लेवल पांच की मान्यता प्रदान की गई। यह एशिया का पहला हवाई अड्डा बन गया है जिसे एसीआई के 'एयरपोर्ट कार्बन एक्रेडिटेशन' कार्यक्रम के तहत स्तर पांच की मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता पांच मई 2024 से प्रभावी है। यह महासभा 15 से 17 अप्रैल के बीच नयी दिल्ली में आयोजित की गई थी। बेंगलोर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (बीआईएएल) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि बेंगलुरु हवाई अड्डे ने 'स्कोप 1 और 2' ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 95.6 प्रतिशत की कमी हासिल कर यह मान्यता प्राप्त की है, जिससे यह हवाई अड्डा वर्ष 2030 के अपने लक्ष्य से सात साल पहले ही 'नेट-जीरो' कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने की स्थिति पर पहुंच गया है।

## पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद : इंडिगो ने अल्माटी, ताशकंद की उड़ानें अस्थायी रूप से रद्द कीं

**नयी दिल्ली :** विमानन कंपनी इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उसने अल्माटी और ताशकंद जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। हवाई क्षेत्र बंद होने से पश्चिम की ओर उड़ान भरने वाली विभिन्न भारतीय एयरलाइन को लंबे रूट के लिए मजबूर होना पड़ा है और 'नैरो-बॉडी' विमान लंबे समय तक बिना रुके उड़ान भरने में सक्षम नहीं होते हैं। इंडिगो कंपनी अल्माटी और ताशकंद के लिए 'एयरबस नैरो-बॉडी' विमान संचालित करती है। एयरलाइन ने कहा कि उसके द्वारा संचालित लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लंबा रास्ता तय करने की आवश्यकता होगी, इसलिए कुछ उड़ानों के संचालन में मामूली बदलाव हो सकता है। इंडिगो के मुताबिक, अल्माटी के लिए उड़ानें 27 अप्रैल से कम से कम सात मई तक तथा ताशकंद के लिए उड़ानें 28 अप्रैल से कम से कम सात मई तक रद्द रहेंगी। पहलगाम आतंकी हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को भारतीय एयरलाइन को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक दिया।

## एआईएमआईएम के अध्यक्ष ओवैसी ने पहलगाम हमले के विरोध के लिए मस्जिद में काली पट्टियां बांटी

**हैदराबाद :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार की नमाज से पहले एक मस्जिद में काली पट्टियां बांटी और लोगों से पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में उन्हें पहनने का आग्रह किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि ओवैसी ने खुद काली पट्टी बांधी थी और शास्त्रीपुरम की एक मस्जिद में लोगों के बीच काली पट्टियां बांटी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जुमे (शुक्रवार) की नमाज़ के लिए कृपया अपनी बांहों पर काली पट्टियां बांधें और पहलगाम में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा निर्दोष भारतीयों पर किए गए आतंकी हमले की निंदा करें।'' कश्मीर के पहलगाम के पास एक पर्यटक स्थल पर 22 अप्रैल हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 2019 में हुए हमले के बाद यह घाटी में सबसे घातक हमला था।



## महाराष्ट्र में 3,000 साल पुरानी सभ्यता के साक्ष्य मिले: शोधकर्ता

**यवतमाल :** नागपुर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में लगभग 3,000 साल पुरानी सभ्यता के अवशेष और उसके घर मिलने का दावा किया है और उनका मानना है कि ये लौह युग के हैं। नागपुर विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रभाष साहू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विभाग की एक टीम ने 2023-24 में यहां बाबुलगांव तालुका के पचखेड़ गांव में खुदाई की। उन्होंने बताया कि पचखेड़ गांव के बाहर एक टीला है जो एक पुरातात्विक स्थल है, जहां पिछले साल खुदाई के दौरान उन्हें सांस्कृतिक अवशेष मिले थे। साहू ने बताया, हमने इन अवशेष को चार अवधि में विभाजित किया है। पहला- लौह युग...। खोज का सांस्कृतिक क्रम मिट्टी के बर्तनों और कलाकृतियों के अवशेषों के आधार पर लौह युग से शुरू होता है। इसके बाद सातवाहन काल, मध्यकालीन काल और फिर इसे (जिस स्थान की खोज हुई है उसे) निज़ाम काल के दौरान एक वॉच टावर के रूप में इस्तेमाल किया गया था।

## हिमाचल राजभवन की जिस मेज पर शिमला समझौते पर हस्ताक्षर हुए उससे पाकिस्तानी झंडा गायब



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश राजभवन में उस ऐतिहासिक मेज पर से शुक्रवार सुबह पाकिस्तानी झंडा गायब पाया गया, जिस पर बैठकर शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह बात पाकिस्तान द्वारा 1972 में हस्ताक्षरित समझौते को निलंबित करने के एक दिन बाद सामने आयी है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को एक आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के जवाब में पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते को स्थगित किया गया है। इस समझौते पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने दो और तीन जुलाई की मध्य रात्रि को हस्ताक्षर किए थे। समझौते पर हस्ताक्षर जिस चमकदार लकड़ी की मेज पर किए गए थे उसे हिमाचल प्रदेश राजभवन के कीर्ति हॉल में एक ऊंचे लाल रंग के मंच पर रखा गया है। मेज पर भुट्टो द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर करने तथा उनके बगल में बैठीं इंदिरा गांधी की तस्वीर रखी हुई है, जबकि पृष्ठभूमि में दीवार पर 1972 के भारत-पाकिस्तान शिखर सम्मेलन की कई अन्य तस्वीरें लगी हुई हैं।

## भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच तीर्थयात्रियों के लिए खुला है करतारपुर गलियारा

**चंडीगढ़ :** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, पंजाब में गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में करतारपुर गलियारा तीर्थयात्रियों के लिए खुला है। पाकिस्तान के करतारपुर साहिब गुरुद्वारा जाने के लिए श्रद्धालु इस गलियारे का इस्तेमाल करते हैं। करतारपुर गलियारा पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को गुरदासपुर में डेरा बाबा नानक से जोड़ता है। श्रद्धालुओं ने मांग की कि करतारपुर गलियारा खुला रहना चाहिए। शहीद भगत सिंह (एसबीएस) नगर जिले के एक सिख श्रद्धालु ने कहा, ''गलियारा तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहना चाहिए।''

## पहलगाम हमले को लेकर सोशल मीडिया पर 'भड़काऊ' पोस्ट करने के लिए असम में छह लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थक रुख अपनाने के लिए एक विपक्षी विधायक समेत कम से कम छह लोगों को राज्य में गिरफ्तार किया गया है। छह में से चार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया जबकि विधायक समेत दो को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। शर्मा ने कहा कि असम पुलिस पाकिस्तान के पक्ष में टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चला रही है और आने वाले समय में और गिरफ्तारियां होने की आशंका है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''असम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेगा जो पहलगाम में हुए जघन्य हमले के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान का समर्थन और बचाव करता

## रिश्वत मामले में सीबीआई ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य अभियंता समेत चार को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के मुख्य अभियंता और तीन अन्य को एक निजी कंपनी से 32 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने 'भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा' (आईआरएसई) के 2000 बैच के अधिकारी मुख्य अभियंता विशाल आनंद, उसके भाई कुणाल, झाझरिया निर्माण लिमिटेड के एमडी सुशील झाझरिया और कंपनी के एक कर्मचारी मनोज पाठक (जिसने रिश्वत की रकम पहुंचाई थी) को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने आनंद और झाझरिया निर्माण लिमिटेड सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद यह कार्रवाई की। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, '' आरोप है कि आरोपी मुख्य अभियंता (सीई), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर), बिलासपुर, निजी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत करके फर्म के लिए अनुबंध हासिल करने और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में निष्पादित कार्य आदेशों में फर्म का पक्ष लेने के लिए निजी ठेकेदार से रिश्वत प्राप्त करने की भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त थे।''




वर्ष 10, पूर्णांक 4218 अंक 028, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in